संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 27 नवंबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 317 पृष्ठ: 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन में लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रवि राय को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## फास्ट न्यूज

### इस्राइली सेना के हमले में हमास के चार कमांडर ढ़ेर

**तेल अवीव:** पश्चिमी एशिया में हिंसक संघर्ष जारी है। हमास के आतंकी ठिकानों के निशाना बना रही इस्राइली सेना के हमले में हमास के चार कमांडर ढेर हुए हैं। हमास के सैन्य कमांडरों के मारे जाने का दावा मीडिया रिपोर्ट्स में किया जा रहा है। खबरों के अनुसार, इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा ब्रिगेड कमांडर अहमद अल घनडॉर को भी मार गिराया है। हमास के कमांडरों के मारे जाने का दावा हमास की तरफ से जारी बयान में किया गया।

### जगन्नाथपुर मंदिर में हुई चोरी मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार


**रांची।** धुर्वा थाना पुलिस ने जगन्नाथपुर मंदिर में हुई चोरी मामले का खुलासा करते हुए सन्नी उरांव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का पारा लाईट पांच पीस, माईक सेट दो पीस, चार हजार रुपये, सोने का एक छोटा टिकूली , सोने का दो जितिया लॉकेट, एक छोटा बेलपत्र, एक पायल, एक बिछिया, चांदी का तीन लॉकेट, चांदी एक छोटा सिक्का और चांदी जैसा बना तीन छोटा-छोटा पत्तर बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि 21 नवम्बर को अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे साउंड सिस्टम, लाइट सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया

# कांग्रेस-बीआरएस परिवारवाद के सबसे बड़े प्रतीक: मोदी

## कांग्रेस ने देश में सुल्तानशाही को दिया बढ़ावा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**पीएम ने कहा**

**8 देश में आतंकवाद के कारण कितना बड़ा नुकसान हो चुका है और कमजोर सरकारें देश का क्या कर सकती हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया/तेलंगाना:** तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान 30 नवंबर को होना है। भाजपा धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी बीजेपी की जनसभा को संबोधित करने मेडक और तूप्रान पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों में कोई अंतर नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने देश में सुल्तानशाही को बढ़ावा दिया, जबकि बीआरएस प्रमुख और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने निजामशाही को बढ़ावा दिया।

**तेलंगाना में विधायकों पर कमीशन लेने के आरोप**

तूप्रान की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस परिवारवाद की सबसे बड़ी प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास बोफोर्स से लेकर हेलीकॉप्टर घोटाले में कमीशन खाने का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड है। तेलंगाना के सीएम केसीआर भी स्वीकार करते हैं कि उनके विधायक 30% कमीशन लेते हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के भी अधिकतर लोग भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में जमानत पर घूम रहे हैं। केसीआर के परिवार के लोगों पर भी भ्रष्टाचार के अनेक मामलों की जांच चल रही है।

**कमजोर कांग्रेस सरकार की विदाई, 2014 के बाद से आतंकवाद पर सख्ती**

भाजपा की एक और चुनावी रैली को संबोधित करने मेडक पहुंचे पीएम मोदी ने कहा, 15 साल पहले 26 नवंबर के दिन देश एक बड़े आतंकी हमले का शिकार हुआ था। इस हमले में कई निर्दोष देशवासियों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री ने कहा, 26/11 का दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि देश में आतंकवाद के कारण कितना बड़ा नुकसान हो चुका है और कमजोर सरकारें देश का क्या कर सकती हैं।

उन्होंने अपने कार्यकाल में आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति अपनाए जाने का जिक्र किया और कहा, 2014 में देश की जनता ने कमजोर कांग्रेस सरकार को हटाकर मजबूत भाजपा सरकार बनाई।

इसी कारण आज देश से आतंकवाद का सफाया हो रहा है।

## चुनावी रैली में राहुल गांधी का बीआरएस पर हमला



**एंडोले :** तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। तमाम दलों के नेता लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इसी बीच, तेलंगाना के एंडोला में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सत्तारूढ़ दल बीआरएस और भाजपा को जमकर घेरा। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की। आपके राज्य के विधायक ही दलित बंधु योजना में कटौती कर रहे हैं। भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना राज्य में ही है। मुझे बताते हुए दुख हो रहा है कि इसका खामियाजा सिर्फ तेलंगाना के लोगों को ही झेलना पड़ा। चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा, हमने लोगों से छह वादे किए हैं। आपको बता दूं, राज्य में कांग्रेस सरकार आते ही ये वादे कानून में तब्दील हो जाएंगे।

# आतंकियों ने मुंबई को कमजोर करने की कोशिश की: संजय राउत



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

मुंबई हमले की बरसी पर शिवेसना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा हमारी पुलिस ने मुंबई को बचाया...आतंकियों ने मुंबई को कमजोर करने की कोशिश की और अब कुछ राजनीतिक लोग ऐसा कर रहे हैं। उनके पास बंदूक और गोला बारूद नहीं है लेकिन वह मुंबई को कमजोर कर उसकी अहमियत घटाना चाहते हैं। इसके बाद संजय राउत ने कहा कि आज का दिन राजनीतिक बयानबाजी का नहीं है बल्कि आज मुंबई हमले में मारे गए लोगों और पुलिस अधिकारियों को याद करने का दिन है। लेकिन कश्मीर और मणिपुर में सुरक्षाबलों की जान जा रही है। कश्मीर और मणिपुर में हालात चिंताजनक हैं और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। वहीं मुंबई हमले की बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर लिखा 'एक ऋणी राष्ट्र मुंबई हमले के सभी पीड़ितों को याद कर रहा है। हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं और उन बहादुर आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।'मुंबई आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के बाद एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि 26 नवंबर का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए भी काला दिन है।

**विचार की जरूरत**

**8 कश्मीर और मणिपुर में हालात चिंताजनक हैं और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।**

### शिवसेना ने 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जम्मू।** शिवसेना (यूबीटी) जम्मू-कश्मीर इकाई ने रविवार को पार्टी मध्यवर्ती कार्यालय में 26/11 मुंबई हमले की 15वीं बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश समेत तमाम उपस्थित पार्टी नेताओं ने दीए जलाकर वीरतापूर्ण शौर्य का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सुरक्षा कर्मियों को याद करते हुए सैल्यूट किया तथा इनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साहनी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि इस दुखद घटना को याद कर आज भी शरीर और आत्मा कांप उठती है।

### 2040 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 40 अरब डॉलर की होगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था साल 2040 तक करीब 40 अरब डॉलर की हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह दावा किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ विदेशी एजेंसियों ने तो भारत की स्पेस इकॉनोमी के 2040 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

उन्होंने कहा कि स्पेस इकॉनोमी बढ़ने के बाद वैज्ञानिकों को भी काम का बढ़िया माहौल मिलेगा। इसरो के रॉकेट लॉन्च की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी हमारी स्पेस इकॉनोमी बहुत प्रभावी नहीं है और यह सिर्फ 80 लाख डॉलर पर टिकी है। लेकिन जल्द ही बड़ा बदलाव आने वाला है।



# मुख्यमंत्री धामी ने आईएसबीटी का शिलान्यास और किया भूमि पूजन

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज अपनी विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के टनकपुर में पहुंचे। मुख्यमंत्री सुबह करीब 9:45 बजे हेलीकॉप्टर से टनकपुर स्टेडियम में बने हेलीपैड पर पहुंचे। वहां कार से कार्यक्रम स्थल रोडवेज डिपो टनकपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री ने पुराने मंडलीय कार्यालय वाली भूमि पर बनाए जा रहे आईएसबीटी का सुबह 11 बजे भूमि पूजन किया। साथ ही आईएसबीटी का शिलान्यास भी किया।
इसके बाद मुख्यमंत्री धामी उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे छीनीगोठ निवासी पुष्कर सिंह ऐरी के घर पहुंचे और उनके परिजनों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुष्कर के परिजनों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्हें श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए केंद्रीय एजेंसियों एवं प्रदेश प्रशासन द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की जानकारी दी। सीएम धामी ने कहा कि हम सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य कर रहे हैं।
55.90 करोड़ से हो रहा निर्माण
टनकपुर में रोडवेज के छह दशक पुराने मंडलीय कार्यालय वाली भूमि पर बनाए जा रहे आईएसबीटी का आज सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इससे परिवहन सेवाओं में सुधार के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। सीएम ने गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके सांसद अजय टम्टा, परिवहन सचिव अरविंद हयांकी आदि मौजूद थे। सीएम इससे पूर्व 15 जनवरी को इस क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। रोडवेज कार्यशाला, जीएम कार्यालय के अलावा जल निगम की कुल 45 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 55.90 करोड़ रुपये से इस परियोजना का निर्माण कार्यदायी एजेंसी सीएनडीएस को फरवरी 2025 तक पूरा करना है।



# भारत का संविधान है लोकतंत्र की आत्मा. डॉ. जगमोहन नेगी

**संगोष्ठी**

**8 -संविधान दिवस के अवसर पर गोपेश्वर महाविद्यालय में एक संगोष्ठी आयोजित की गई**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में रविवार को महाविद्यालय गोपेश्वर में संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विभाग प्रभारी डॉ. जगमोहन नेगी ने कहा कि भारत का संविधान भारत के लोकतंत्र की आत्मा है और संविधान भारतीय जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है।
उन्होंने कहा कि संविधान सभा में तत्कालीन समय के विशेषज्ञ और प्रबुद्ध व्यक्ति रहे और उन्होंने एक अच्छा संविधान तैयार किया जो लागू होने 73 वर्षों बाद भी भारतीय नागरिकों को जीने की दिशा प्रदान कर रहा है।
गोष्ठी में जिला मतदाता जागरूकता अभियान के सह समन्वयक और अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डीएस नेगी ने कहा कि संविधान नागरिकों से यह अपेक्षा भी करता है कि वे जागरूक मतदाता बन लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त करें। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से अपील की कि वें शीघ्र अपना पंजीकरण मतदाता सूची में कराएं और मतदान कर नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करें।




## संविधान दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय ने आज संविधान दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र प्रमुख, सहायक महाप्रबंधक के एम शर्मा के मार्गनिर्देशन में क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए और उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए और संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ ग्रहण करी गई।

# गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर कनखल में निकाली गई प्रभात फेरी

**प्रकाश पर्व**

**8 गुरु नानक देव ने समाज में फैले हुए अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों को दूर किया।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव के 554वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर उपनगर कनखल में आज प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।
प्रभात फेरी निर्मल संतपुरा कनखल से शुरू हुई और कनखल के मुख्य बाजार हनुमानगढ़ी, कनखल थाना, सरार्फा बाजार, चौक बाजार,सती घाट होती हुई सिखों के तीसरे गुरु अमर दास जी के गुरुद्वारा तीजी पातशाही तप स्थान में नतमस्तक होने के लिए पहुंची। गुरुद्वारे में नतमस्तक होने के बाद फिर से प्रभात फेरी कनखल के मुख्य बाजारों से वापस होती हुई निर्मल संतपुरा में समाप्त हुई, जहां पर आतिशबाजी की गई। प्रभात फेरी का नेतृत्व निर्मल संतपुरा आश्रम के परमाध्यक्ष महंत जगजीत सिंह महाराज शास्त्री कर रहे थे। इस अवसर पर कनखल, हरिद्वार ,ज्वालापुर की विभिन्न संगतों ने भाग लिया।
साधु संत भी प्रभात फेरी में शामिल हुए।
निर्मल संतपुरा आश्रम में संगतों को से महंत जगजीत सिंह महाराज शास्त्री ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहब ने सभी संतों,गुरुओं, तपस्वियों की वाणी का सार है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने समाज में फैले हुए अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों को दूर किया। गुरु महाराज के बताए हुए रास्ते पर चल ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव के विचार हर युग में प्रासंगिक रहेंगे।
इस अवसर पर संत मनजीत सिंह महाराज, संत त्रिलोचन सिंह महाराज, संत बलजिंदर सिंह महाराज, ग्रंथी देवेंद्र सिंह, ग्रंथी इंद्रजीत सिंह, ग्रंथी गुरचरण सिंह, ग्रंथी अमरीक सिंह, ग्रंथी सोहन सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदारनी कुलवंत कौर, सरदार नवनीत सिंह, सरदार चीकू सिंह, चेतन शर्मा आदि मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### गुरु नानक देव के 554वें प्रकाश पर्व की तैयारी पंचपुरी में जोरों पर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव के 554वें प्रकाश पर्व की तैयारी पंचपुरी हरिद्वार में जोरों पर चल रही है। उपनगर कनखल में सतीघाट में गंगा तट पर स्थित सिखों के तीसरे गुरु अमर दास जी के गुरुद्वारा तीजी पातशाही तप स्थान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ शुरू हुआ।
इस अवसर पर महंत रंजय सिंह महाराज, गुरुद्वारे की संचालिका बीबी बिंनिंदर कौर सोढ़ी, ग्रंथी देवेंद्र सिंह,ग्रंथी इंद्रजीत सिंह, ग्रंथी गुरचरण सिंह, ग्रंथी अमरीक सिंह, ग्रंथी सोहन सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदारनी कुलवंत कौर, सरदार मंजीत सिंह,सरदार जोगिंदर सिंह आदि मौजूद थे।
इस अवसर पर महंत रंजय सिंह महाराज ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को अंधकार से बाहर निकालकर प्रकाश की ओर पहुंचाया और समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर किया। तप स्थान की संचालिका बीबी बिंनिंदर कौर सोढ़ी ने कहा कि गुरु नानक देव जी के विचार समाज को नई दिशा देते हैं। जब वे अवतरित हुए थे,तब समाज में चारों ओर पाखंड और अंधविश्वास व्याप्त था, जिससे गुरु महाराज ने लोगों को मुक्ति दिलाई।वे एक महान तपस्वी और त्यागी संत थे।
कल 27 नवंबर सोमवार को गुरु अमर दास गुरुद्वारा तीजी पातशाही तप स्थान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ का सुबह 11 बजे भोग चढ़ेगा। शबद कीर्तन होगा और अरदास होगी। गुरु के अटूट लंगर के साथ तीन दिवसीय गुरु पर्व का समापन होगा।

### 27 नवंबर को पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की चेतावनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मौसम विभाग ने अपने 5 दिनी पूवार्नुमान में 27 27 नवंबर को पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। इस दिन विशेष रूप से सचेत रहने को कहा है। इनमें पर्वतीय क्षेत्रों में कही कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि की संभावना है।
मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार 26 नवंबर को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं कहीं हल्की से बहुत हल्की बारिश हो सकती है जबकि 27 नवंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है जबकि कुछ जनपदों में विशेषकर पिथौरागढ़ और पर्वतीय जनपदों में कहीं कहीं बारिश होगी। ठीक यही स्थिति 28 नवंबर को भी रहेगी। उत्तरकाशी, चमोली पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं कहीं बारिश हो सकती है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। उत्तरकाशी, चमोली, रुप्रद्रपयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर में कुछ जगहों पर बारिश के क्रम में तेजी भी आ सकती है।मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि पूवार्नुमान गठित होने की संभावना 75 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि 26 से 28 नवंबर तक उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ और 27 नवंबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जनपदों में 35 हजार ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 5 दिनी पूवार्नुमान में 27 नवंबर को विशेष सचेत रहने को कहा है। इनमें पर्वतीय क्षेत्रों में कही कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि की संभावना है।

### नहर में एक महिला और पुरुष शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बसंत विहार क्षेत्र में दरू चौक के पास नहर में एक महिला एक पुरुष के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस को आशंका है कि किसी वाहन की टक्कर से दोनों मारे गए। बसंत विहार पुलिस ने बताया कि मृतक संदीप मोहन धस्माना पुत्र मदन मोहन धस्माना निवासी अंबीवाला थाना बसंत विहार, जिसकी उम्र 40 साल है। उसके साथ 26 वर्षीय महिला मृत पाई गई है। उसका नाम हेमलता पत्नी सुनील निवासी पितांबरपुर, थाना बसंत विहार है। मृतक संदीप मोहन धस्माना प्रतिदिन सुबह टहलने के लिए जाते थे और हेमलता घरों पर काम करने के लिए जाती थी।

# संविधान दिवस पर परिचर्चा आयोजित



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
संविधान दिवस पर कांग्रेस भवन में एक परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में वक्ताओं ने संविधान के निर्माण, उसके महत्व और संवैधानिक मूल्यों के सम्मुख उपस्थित चुनौतियों पर अपने विचार रखे।
रविवार को इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने संविधान निर्माण में बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण भी किया। वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने संविधान निर्माण में बाबा साहब आम्बेडकर के अद्वितीय योगदान को याद किया तथा संविधान के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च कानून है जो पूरे देश जो एक सूत्र में पिरोता है।
डॉ अरुण रतूड़ी ने संविधान निर्माण के समय व्याप्त सामाजिक तथा राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए कहा कि एक परंपरागत समाज में आधुनिकतम शासन प्रणाली और राजनीतिक व्यवस्था का प्रावधान संविधान के द्वारा किया गया है। इन व्यवस्थाओं में समायोजन अब भी जारी है। इसीलिए कई बार देश में संवैधानिक मूल्यों के समक्ष चुनौतियां आती रहती हैं। इसलिए यह देश के राजनीतिक दलों और राजनीतिक नेतृत्व की जिम्मेदारी है कि संवैधानिक मूल्यों की सर्वोच्चता को कायम रखे जिससे देश प्रगतिपथ पर अग्रसर रह सके। कांग्रेस अनु जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शनलाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के कारण ही यह संभव हो सका है कि देश में सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है और समाज के सभी वर्गों के लोग बड़े बड़े राजनीतिक पदों पर पहुंच पाए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष नागपाल ने कहा कि भारतीय संविधान में वर्णित राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता, समानता, स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र इन सभी मूलभूत सिद्धान्तों से भारत शासित होता है। इन सिद्धान्तों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता में ही संविधान दिवस मनाने की सार्थकता है।
इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरा सिंह बिष्ट , प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग दर्शनलाल ,प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, मनमोहन शर्मा , अल्ताफ अहमद ,राजेश पुंडीर ,यामीन खान ,उनियाल ,एस बी थापा ,वीरेंद्र पवार ,रवि आदि उपस्थित थे।

## लूट कांड के आरोपितों को वाहन उपलब्ध कराने वाला अकबर गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
रिलायंस ज्वेलरी शोरूम लूट कांड में आरोपियों को वाहन उपलब्ध कराने वाले एक गैंग के सदस्य अकबर पुत्र जाहिद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित इस तरह के कांड करने वालों को वाहन उपलब्ध कराता था।
पूछताछ में अकबर ने बताया कि वह राजस्थान में कुरकुरे की टूयम कंपनी में स्टोर कीपर का काम करता था, जहां उसके साथ अलीगढ़ निवासी सुमित भी काम करता था।
अभियुक्त अकबर द्वारा सुमती नाम की लड़की से प्रेम विवाह कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में शादी की थी।

# उक्रांद ने बनाया 8 सदस्यीय मंडल

**संरक्षक मंडल**

**8 उक्रांद दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने दल के शीर्ष नेतृत्व का एक संरक्षक मंडल बनाया है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने दल के शीर्ष नेतृत्व का एक संरक्षक मंडल बनाया है। इस आठ सदस्यीय संरक्षक मंडल में सभी पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष शामिल हैं। उक्रांद के महामंत्री विजय बौडाई ने बताया कि दल के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट, पूर्व विधायक एवं केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी,पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पँवार, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं विधायक नारायण सिंह जंतवाल, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं विधायक पुष्पेश त्रिपाठी, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष बी डी रतूड़ी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ए पी जुयाल को संरक्षक मंडल में रखा गया।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही दल के संरक्षक मंडल आगामी लोकसभा तथा निकाय चुनाव के लिए दल को मजबूती देने के लिए जन संवाद कार्यक्रम करेंगे। राज्य निर्माण में अग्रणी उक्रांद संरक्षक मंडल अब राज्य को बचाने की लड़ाई के लिए राज्य वासियों से आह्वान कर राष्ट्रीय दलों के भ्रष्टाचार को उजागर करेगा।
केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि पूर्व विधायक दिवाकर भट्ट एवं पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी की जीवनी को उत्तराखंड के पाठ्यक्रम में रखना चाहिए ताकि नयी पीढी को ज्ञात हो कि राज्य प्राप्ति के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा।



# प्रधानमंत्री के 'मन की बात', देश के मन की बातः रेखा आर्य

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने यमुना कॉलोनी स्थित वार्ड संख्या-33 व बूथ संख्या-124 में प्रेम कुमार के निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 107वें संस्करण कार्यक्रम को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ सुना।
'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सर्वप्रथम आज ही के दिन 26/11 आतंकी हमले में बलिदान हुए वीर जवानों पर बात की व उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हम इस दिन को कभी नहीं भूल सकते, जब भारत को सबसे जघन्य आतंकवादी हमले का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि आज 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कहा कि इंटेलिजेंस, आइडिया, इनोवेशन ,वोकल फॉर लोकल आज भारतीय युवाओं की पहचान बन गया है,इसमें टेक्नोलॉजी के जुड़ जाने से उनकी बौद्धिक संपदा में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।
साथ ही आज वोकल फोर लोकल, रोजगार और देश के विकास की गारंटी है। सभी से आह्वान करते हुए कहा कि हम सब मिलकर विकसित भारत के संकल्प को जरूर पूरा करेंगे।
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज बड़े उद्यमो को आगे बढ़ाने के लिए छोटे छोटे उधम को आगे बढ़ाने की जरूत है, जिसके लिए काम किये जा रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए कार्य करने होंगे हमे मेलो,नृत्य व अन्य चीजों को आगे बढ़ाना होगा। आज यह सब मुमकिन हुआ है।
इस अवसर पर पार्षद संजय सिंघल,बूथ अध्यक्ष ज्योति प्रजापति, शक्ति केंद्र संयोजक पंकज प्रजापति, छोटे लाल प्रजापति, रोशन लाल, रीमा ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# डुमेट में हुई हत्या के मामले में चार आरोपित 24 घंटे में गिरफ्तार

**हत्या**

**8 निर्मल सिंह तोमर ग्राम डुमेट, थाना विकासनगर के पिता भगेल सिंह की चार बदमाशों ने हत्या कर दी थी।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कल निर्मल सिंह तोमर ग्राम डुमेट, थाना विकासनगर के पिता भगेल सिंह की चार बदमाशों ने गोली मार की हत्या कर दी थी। पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।संपत्ति को लेकर हुए विवाद में वाहन संख्या एचआर32सी-5735 से आए तीन व्यक्तियों की पड़ोस में रहने वाली महिला छम्मो देवी पत्नी रूप सिंह से संपत्ति विवाद को लेकर बहस चल रही थी।
इसी दौरान भगेल सिंह अपने पुत्र निर्मल तथा अन्य व्यक्तियों के साथ मौके पर पहुंचे।
अपने आप को ग्रामीणों से घिरता देख उक्त व्यक्तियों ने मौके पर ग्रामीणों पर फायर कर दिया, जिसमें मृतक भगेल सिंह और अतुल गम्भीर रूप से घायल हो गये थे।गांव के लोगों के उन्हें पकड़ने का प्रयास करने पर वे लोग अपनी कार छोड़कर मौके से एक अन्य व्यक्ति की स्कूटी से फरार हो गए। घटना के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र निर्मल सिंह ने तहरीर दी।
कोतवाली विकासनगर ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने रविवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि घटना की अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए सभी थाना क्षेत्रों में नाकाबंदी कर तत्काल संघन चेकिंग करने के निर्देश दिये गये थे। अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस के माध्यम से जानकारी मिली की कि घटना में शामिल दो अभियुक्तों शुभम पुत्र सुभे राम निवासी ग्राम सकौती थाना मवाना जनपद मेरठ, उत्तरप्रदेश और पुनीत उर्फ विनीत पुत्र जगरेंस निवासी औरंग शाहपुर डिकी थाना मेडिकल, मेरठ उत्तर प्रदेश को रायपुर पुलिस ने आईटी पार्क क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।
इनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त की गयी पिस्टल को बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि रोहित पुत्र विजयराम तथा राहुल पुत्र शांति प्रसाद निवासी कालसी के कहने पर उक्त स्थान पर जमीन देखने जाने की बात बतायी गयी।
इस पर पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त रोहित और राहुल को जीवनगढ़ शिव ट्रेडर्स के सामने आम के बाग के पास से गिरफ्तार किया। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त नीटू निवासी बिजोपुरा मुजफ्फरनगर फरार चल रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है। इन आरोपितों पर दर्जनों मुकदमे हैं। इन पर हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद बुलंदशहर आदि स्थानों में मामले दर्ज हैं। विनींत पर 13 मुकदमे दर्ज है।



## पूर्व सैनिक को घायल महिला की मदद करना पड़ा भारी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
गौलापार क्षेत्र के रहने वाले एक पूर्व सैनिक को महिला का मदद करना भारी पड़ गया है।
दरअसल, गौलापार क्षेत्र में बीते दिन एक महिला पेड़ से गिर गई थी, पास में ही रहने वाले रिटायर्ड सूबेदार मेजर नारायण सिंह बोरा महिला को गंभीर अवस्था में अपनी कार में अस्पताल में भर्ती कराने ले गए। महिला की गंभीर हालत को देख तेजी से कार चलते हुए पूर्व सैनिक अस्पताल को निकले तो काठगोदाम में सीपीयू ने पूर्व फौजी को तेज कार चलाने पर ऑनलाइन चालान कर दिया।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 227-DRM-MB-23-24<br>25.11.2023 |
| कार्य का नाम | Hiring and operating of 11 nos MUV of loading capacity of 1 MT with seating capacity of 04/06 persons including USFD machine for SSE/P.Way/USFD team at RK,NBD, MB, CH, BE, HRI-1 & II, HPU, HW, GJL & SPN over MB division under Sr DEN/Track/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 19.12.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,62,93,767.49 |
| निविदा की कीमत | 5,000.00 |
| धरोहर राशि | 2,31,500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05.12.2023 |
| आफर की वैधता | 90 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 25.11.2023 3724/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

GOVT. OF PUNJAB
सत्यमेव जयते

# मुख्य मंत्री तीर्थ यात्रा

## की शुरुआत

## पंजाब सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के नि:शुल्क दर्शनों हेतु विनम्र प्रयास


श्री अमृतसर साहिब



श्री हज़ूर साहिब


श्री पटना साहिब



श्री आनंदपुर साहिब



माता नैना देवी जी


श्री वृंदावन धाम


माता वैष्णो देवी जी


माता ज्वाला जी


वाराणसी


माता चिन्तपुर्णी जी



श्री खाटू श्याम जी, श्री सालासर धाम


ख़्वाजा अजमेर शरीफ़ दरगाह

## राज्य स्तरीय समारोह

27 नवंबर, 2023: सुबह 11:00 बजे

स्थान: धूरी

मुख्य अतिथि **श्री अरविंद केजरीवाल**
तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था रवाना करेंगे



**भगवंत सिंह मान**
मुख्य मंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## संपादकीय

# खेल में जय पराजय तो हैं जीवन के अल्पविराम

**क्रिकेट** भारत में एक बहुत पसंद किया जाने वाला खेल है और जब भी भारतीय टीम जीतती है, तो यह देशवासियों में जश्न और उत्साह का माहौल बना देता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो लोगों को मिलजुल करने और एक-दूसरे के साथ आनंद लेने का एक मौका प्रदान करती है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि खेल की सकारात्मकता को समझा जाए और हार की स्थिति में भी टीम का समर्थन किया जाए। खेल का मुख्य उद्देश्य होता है मैच का सही तरीके से खेलना, और विजय और हार के मोमेंट्स में सीखना और आगे बढ़ना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट एक खेल है जिसमें हर टीम की स्थिति और प्रदर्शन पर निर्भर करता है। हर हार या जीत एक अलग खेल के परिणाम होते हैं ।

क्रिकेट में हार के बाद, टीम और उसके खिलाड़ी सीखें और सुधरने के लिए एक अवसर मिलता है। कई बार, एक हार का कारण तय करना सामान्य रूप से आसान नहीं होता है, क्योंकि कई कारक इस पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि विरोधी टीम का अच्छा प्रदर्शन, वायुमंडल की स्थिति, खेल के दौरान होने वाले चुनौतीयाँ, आदि। खेल में विजय या पराजय तो जीवन के अल्पविराम हैं कयदि जीत के क्षणों में अभिमान कर लिया तो यह जीत भी कोई मायने नहीं रखती और यदि पराजय के पश्चात अपनी गलतियों में सुधार कर लिया तो विजय के नवीन मार्ग खुल सकते हैं कयह जीवन चलने का नाम है और यहाँ कुछ भी यहाँ पूर्ण विराम नहीं हैं कजो लोग अतीत की हार में खोए रहते हैं वे यादों का आनंद लेते हैं । इससे पता चलता है कि कुछ लोगों को पिछले अनुभवों को याद करने में सांत्वना, खुशी या संतुष्टि मिलती है। यादें भावनात्मक मूल्य रख सकती हैं और पहचान की भावना में योगदान कर सकती हैं। पुरानी यादें एक शक्तिशाली भावना हो सकती हैं, और यादें आराम या खुशी की भावना प्रदान कर सकती हैं। जबकि जो लोग वर्तमान में खो जाते हैं, वास्तव में जीवन का आनंद वही ले सकते हैं । इस का तात्पर्य है कि सच्चे आनंद और संतुष्टि का अनुभव करने के लिए वर्तमान क्षण में पूरी तरह से डूब जाना आवश्यक है। हालाँकि यादों को संजोना सार्थक हो सकता है, लेकिन अतीत पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करते रहने से किसी भी कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न होने और वर्तमान में जीने की क्षमता को बाधित कर सकती है।

यदि हम भूतकाल की स्मृतियों में खोए रहते हैं तो भविष्य की ओर यात्रा में विघ्न उत्पन्न हो सकता है । बीते हुए समय में की गई त्रुटियों से कुछ सीख कर आने वाले काल को स्वर्णिम अवश्य किया जा सकता है । दूसरी ओर, अतीत के सबक या अनुभवों पर विचार किए बिना वर्तमान में बहुत अधिक तल्लीन रहने से सफलता के मार्ग में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अतीत के अपने रिश्तों नातों को याद कर, आज के सामजिक परिवेश में तुलना करके दुखी और अपने से लगने वाले रिश्तों से आघात मिल कर दुखी होने से अच्छा है उनसे स्वतः दूरी बना ली जाए क्यूंकि भौतिकता वाद के इस दौर में किसी से उम्मीद रखना स्वयं को छलावा देने सामान है । जहां छोटे एवं एकल परिवारों में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है वही आने वाली पीढी के लिए उन रिश्तों को आजीविका की दौड़ में चिरकाल तक निभा पाना असंभव सा होता जा रहा है । ऐसे में यदि किसी से अपेक्षा की जाए और वह उम्मीद में खरा ना उतर पाए तो मन दुखी तो होता ही है साथ ही भावी जीवन में भी निराशा उत्पन्न होती है ।

# वायु प्रदूषण का लगातार बढ़ता खतरा

आशीष वशिष्ठ

"आंकड़ों की मानें तो लगभग वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से लगभग 66.7 लाख लोगों की मौतें हर साल होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इनमें दिल की बीमारियां, फेफड़ों का कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सी.ओ.पी.डी. और तीव्र श्वसन संक्रमण प्रमुख हैं।"

वायु प्रदूषण सेहत के लिए एक बड़ा खतरा बनते जा रहा है। इससे बड़े-बूढ़े ही नहीं बच्चे भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उनकी ग्रोथ पर असर पड़ रहा है और तो और इसके चलते वो बचपन में ही कई और दूसरी बीमारियों का भी शिकार हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के प्रति बच्चों की संवेदनशीलता कई कारणों से पैदा हो सकती है। उनके वायुमार्ग छोटे और कम विकसित होते हैं, जिससे वे हानिकारक प्रदूषकों के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके अलावा, बच्चे बड़ों की तुलना में ज्यादा तेजी से सांस लेते हैं, जिससे उनके द्वारा ली जाने वाली हवा की मात्रा और उनके संपर्क में आने वाले प्रदूषकों की मात्रा बढ़ जाती है। उनका डेवलप हो रहा इम्यून सिस्टम भी कम मजबूत होता है, जिससे उनमें ब्रीदिंग इन्फेक्शन और वायु प्रदूषण से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा ज्यादा होता है। हर वर्ष दुनिया भर में वायु प्रदूषण की वजह से लाखों लोगों की मौत असमय हो रही है। एक स्टडी के मुताबिक दुनियाभर के 16 फीसदी लोगों की मौत प्रदूषण के चलते समय से पहले ही हो जाती है। इस स्टडी में ये भी बताया गया है कि दुनियाभर में हर साल करीब 90 लाख लोगों की मौत का कारण पॉल्यूशन होता है। इसमें सबसे ज्यादा खतरनाक वायु प्रदूषण को ही बताया गया है। वायु प्रदूषण का खतरा हमारे चारों ओर मंडरा रहा है। यह हम सभी को भारी मात्रा में प्रभावित कर रहा है, चाहे हमें इसका एहसास हो या न हो। अपनी इच्छा अनुसार लंबे समय से हम जिस हवा में सांस लेते आ रहे हैं, अक्सर उसे हल्के में लेते आए हैं। लेकिन वर्तमान के शोध ने कुछ चिंताजनक पहलुओं पर प्रकाश डालना शुरू कर दिया है कि हमारे आस-पास की हवा में वास्तव में क्या है और यह हमारे शरीर को कैसे प्रभावित करती है। वैसे तो हवा के बिना कोई जीवित नहीं रह सकता लेकिन प्रदूषित हवा में सांस लेने से हमें बीमारी और शीघ्र मृत्यु का सामना करना पड़ता है। वायु प्रदूषण क्या कैंसर का खतरा बढ़ा देती है, इस बारे में समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है। अध्ययनकताओं ने बताया, वायु प्रदूषण पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कैंसर कारक हो सकती है, इसका उच्च स्तर स्तन कैंसर से लेकर फेफड़े-गले के कैंसर के जोखिमों को



बढ़ाने वाली मानी जाती है। शोध के मुताबिक फेफड़ों के कैंसर के लगभग 10 में से एक मामले के लिए बाहरी वायु प्रदूषण एक कारण हो सकता है। वायु प्रदूषण के कण कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, इससे इंफ्लामेशन और कैंसर का जोखिम हो सकता है। ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में कैंसर से हर साल होने वाली मौतों का प्रमुख कारण रहा है। एक अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि स्तन कैंसर की घटनाओं में सबसे अधिक वृद्धि उन महिलाओं में रिपोर्ट की गई, जिनका पार्टिकुलेट मैटर स्तर यानी पीएम 2.5 से संपर्क अधिक था। मोटर वाहन से निकलने वाले धुंआ, तेल-कोयला जलाने या लकड़ी के धुआं आदि में पीएम 2.5 अधिक होता है। साल 2018 में भारत में महिलाओं में रिपोर्ट किए गए सभी प्रकार के कैंसर में से 27.7 फीसदी केस स्तन कैंसर थे। भारत में अनुमानित 1,62,468 महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला था। वायु प्रदूषण इसका एक जोखिम कारक हो सकता है। आंकड़ों की मानें तो लगभग वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से लगभग 66.7 लाख लोगों की मौतें हर साल होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इनमें दिल की बीमारियां, फेफड़ों का कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सी.ओ.पी.डी. और तीव्र श्वसन संक्रमण प्रमुख हैं।

बच्चे, 'एक्यूट रैस्पिरेटरी इन्फैक्शन' यानी तीव्र श्वसन संक्रमण के अधिक शिकार होते हैं। प्रायः सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है। खबरों की मानें तो वर्तमान समय में देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। इससे आम जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों को सांस संबंधी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

जीवनशैली और आहार में गड़बड़ी को डायबिटीज रोग के प्रमुख कारक के तौर पर देखा जाता रहा है, इस बीच हालिया अध्ययन में शोधकताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण भी टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम बढ़ रहा है। भारत में अपनी तरह के पहले अध्ययन में पाया गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से टाइप 2 मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। जिस तरह से हर साल हम प्रदूषण के नए स्तर का सामना कर रहे हैं, ये डायबिटीज को लेकर भी चिंता बढ़ाने वाली स्थिति है। यह अध्ययन भारत में क्रोनिक बीमारियों पर चल रहे शोध का हिस्सा है जो 2010 में शुरू हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल और फेफड़ों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है। वायु प्रदूषण एक श्वसन संबंधी रोग है, जिसमें रोगी को सांस लेने में तकलीफ होती है, सीने में दबाव महसूस होता है और खांसी भी होती है। ऐसा तब होता है, जब व्यक्ति की श्वसन नलियों में अवरोध पैदा होने लगता है। ये रुकावट एलर्जी और कफ से आती है। कई रोगियों में ऐसा भी देखा गया है कि श्वसन मार्ग में सूजन भी हो जाता है। कारखानों, बिजली घरों की चिमनियों और स्वचालित मोटरगाडियों में विभिन्न ईंधनों के पूर्ण और अपूर्ण दहन भी प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं।

वायु प्रदूषण से न केवल प्राणी मात्र को, बल्कि प्रकृति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषित वायुमंडल से जब भी वर्षा होती है, तब प्रदूषक तत्व वर्षा जल के साथ मिल कर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मिट्टी को प्रदूषित कर देते हैं। एक मोटे अनुमान के तहत यूरोपीय महाद्वीप में अम्लीय वर्षा के कारण लगभग 60 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में वन नष्ट हो चुके हैं। ओजोन परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का काम करती है, ऐसे में वायुमंडल की दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंच रहा है, इससे कैंसर जैसे भयानक रोगों में वृद्धि हो रही है और पेड़ों से कार्बनिक यौगिकों के उत्सर्जन में बढ़ौतरी हो रही है तथा ओजोन एवं अन्य तत्वों के बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

विषेषज्ञों के अनुसार आने वाले समय में वायु प्रदूषण से होने वाले कुल खतरों में बढ़ौतरी होने की आशंका है। जबकि उद्योग-धंधों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित कर वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। वनों की अंधाधुंध अनियंत्रित कटाई को भी रोकने के साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं बिना धुएं के चूल्हे व सौर ऊर्जा की तकनीक को प्रोत्साहित कर इसे और ज्यादा उन्नत एवं सुलभ बनाना होगा। वायु प्रदूषण को रोकने से संबंधित सभी आवश्यक तथ्यों को बच्चों के पाठ्यक्रम में शामिल करके बच्चों में इसके प्रति चेतना एवं जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सिर्फ सरकार के भरोसे बैइने की बजाय प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करना होगा।

**-स्वतंत्र पत्रकार**

## कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम'

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव ठाकुर

# कुटुंब प्रबोधन का प्रेरक श्रीराम

**रामचरितमानस** एक ओर राम का जीवन चरित्र व मनुष्य जाति के अनुभवों का उत्कट निचोड़ है तो दूसरी ओर यह 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं यद्' होकर सनातन धर्म के सभी मानक ग्रंथों के अर्क स्वरुप भी है, जिसे मानस के अंत में 'छहों शास्त्र सब ग्रन्थन को रस' कह कर दोबारा पुष्ट कर दिया गया है। मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानि मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छिपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं। पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किए, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे। मानव उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करे जो शाश्वत हो, जो मनुष्य और समाज के लिए हमेशा उपयोगी और ऊंचा उठाने वाले हों। उदाहरण के लिए परिवार को ही लें, राम में परिवार के अनुशासन, सबके प्रति विश्वास, एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है। इन मूल्यों का निर्वाह रामचरित के हर प्रसंग में होता दिखाई देता है। क्षण भर में राजमुकुट धारण कर राजा राम बनने वाले बनवासी राम बनने हेतु बल्कल वस्त्र पहन लेते हैं और पिता के वचनों एवं माता कैकेयी के प्राप्त वरदान हेतु वन जाने हेतु निकल जाते हैं। व्यक्तिगत जीवन में राम ने एक ओर मयार्दाओं की प्रतिष्ठा की तो दूसरी ओर उन्होंने जहां जरूरी समझा, वहां मान्यताओं में दखल भी दिया। शूर्पणखा का अंग-भंग, अहिल्या को पुनर्जीवन और प्रतिष्ठा, एक पत्नीव्रत, बाली उद्धार, शबरी उद्धार, विभीषण को लंका का राज दे देना आदि कई प्रसंग हैं, जिनमें वह परंपरा से हटकर काम करते हैं। यह सब करते हुए वह धर्म-मयार्दा की स्थापना ही कर रहे होते हैं क्योंकि मयार्दा की स्थापना ही धर्म की शाश्वतता को बनाये रखती है। यदि यज्ञाग्नि भी मयार्दा का उल्लंघन करे तो उसे जल के द्वारा नियंत्रित करने का विधान धर्म का ही है। यदि इन कामों को पारिवारिक और सांस्थानिक रचनाओं के भरोसे छोड़ा जाता तो संभवतः पंचायतें, न्यायालय, दंडाधिकारी और समितियों को उन नतीजों पर पहुंचने में वर्षों लग जाते और न्याय की प्रक्रिया संपन्न होते- होते वह अर्थहीन व अनुपयोगी हो जाते।

**टूटते संयुक्त परिवारों का सहारा है राम परिवारः** इन दिनों परिवार का ढांचा बदल रहा है, संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कई जगह तो नौकरी के कारण पति-पत्नी और बच्चों के लिए भी अलग तरह से सोचना और व्यवस्था बनानी पड़ रही है। ऐसे में जब कि ज्ञान परम्परा का एक पीढ़ी से दूसरी में प्रवाह बाधित हो गया है तो राम का चरित्र, मूल्य, व्यवहार और आदर्शों की यशोगाथा को समेटे श्री रामचरितमानस/ रामायण जीवन का संविधान बन सकता है।

## विचार

# पहाड़ों पर विकास यानी प्रकृति विनाश को

तनवीर जाफरी

इस वर्ष ऐन दीपावली ( 12 नवंबर ) के दिन जब पूरा देश इस पावन पर्व के जश्न में डूबा था,ठीक उसी दिन उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निमार्णाधीन सिल्क्यारा नामक एक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में इस सुरंग निर्माण में लगे 41 श्रमिक बीच सुरंग में ही फंसे रहे। इस सुरंग का निर्माण उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 'चार धाम परियोजना' के तहत किया जा रहा है। श्रमिकों को सकुशल व सुरक्षित बाहर निकालने के लिये उच्चस्तरीय बचाव व राहत अभियान युद्धस्तर पर चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक ने बचाव कार्य पर अपनी नजर बनाये रखी।

बचाव अभियान में एसडीआरएफ, बीआरओ, परियोजना से जुड़ी एजेंसी एनएचआईडीसीएल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), उत्तराखंड राज्य आपदा प्रतिवादन बल, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और परियोजना का निर्माण करने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (एनएचआइडीसीएल) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) समेत विभिन्न एजेंसियां शामिल हुईं। एक पखवाड़े से भी अधिक चले इस राहत व बचाव अभियान में कई बार अलग अलग तरह की रुकावटें भी आईं। ड्रिलिंग के समय कई बार धातु रूपी अवरोध आये। यहां तक कि सुरंग बनाने वाली ऑगर मशीन तक खराब हो गयी जिसके चलते सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में दो सप्ताह से भी अधिक का समय लग गया। अंत में हैदराबाद से आई आधुनिक प्लाज्मा मशीन को सुरंग में ड्रिलिंग के काम पर लगाया गया। बचाव अभियान चलने के अंतिम दिनों में एक पाइप के माध्यम से सुरंग में फंसे श्रमिकों तक ऑक्सीजन, दवाएं और खाने-पीने की चीजें पहुंचाई गयीं। सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद एक बार फिर पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों तथा इनसे उपजने वाले संकटों पर बहस शुरू हो गयी है। पहाड़ों में सुरंग बनाना ही जरूरी है या इसके बिना भी विकास किया जा सकता है,भू वैज्ञानिक पर्यावरण के जानकार यह सवाल फिर पूछने लगे हैं। इस हादसे के बाद हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ सुरंग प्रधान राज्यों की सरकारों की भी नींदें खुली हैं।

हिमाचल सरकार अब राज्य में निमार्णाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट कराने की तैय्यारी में है। इसके तहत सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझा जाने वाले चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग के अंतर्गत निमार्णाधीन सुरंगें भी सुरक्षा ऑडिट में शामिल रहेंगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार देशभर की लगभग 29 सुरंगों को सुरक्षा ऑडिट के लिये चिन्हित किया गया है। इनमें 12 सुरंगें केवल हिमाचल प्रदेश राज्य में ही हैं। लगभग 79 किमी लंबी इन सभी 12 सुरंगों की तकनीकी जांच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी अर्थात दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। हिमाचल सरकार यह कवायद उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग धंसने के बाद ही करने जा रही है। सुरंग निर्माण प्रक्रिया को चूँकि मैं ने बहुत करीब से देखा है, बल्कि व्यवसायिक रूप से इस प्रक्रिया का हिस्सा भी रहा हूँ इसलिये विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण को पहुँचने वाले आघात से भी भली भाँति परिचित हूँ। आइये ऐसा ही एक अनुभव आज यहाँ सांझा करता हूँ। 1980-95 के दौरान हिमाचल प्रदेश में नाथपा झाखड़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट निमार्णाधीन था। इसके लिये प्राकृतिक रूप से अपने मार्ग पर बहने वाली सतलुज नदी की दिशा अस्थाई रूप से बदलनी थी जिसके लिये विभिन्न सुरंगें बनाई जा रही थीं। यह सुरंगें महानगरीय मेट्रो की तरह अगार मशीन से बनने वाली सुरंगें नहीं होतीं। यहां मिटटी के नहीं बल्कि कठोर से कठोर किस्म के पत्थरों के पहाड़ों में सुरंग बनाई जाती है। इसके लिये पत्थर के इन पहाड़ों के गर्भ में 15-20 फुट के इस्पात के कई रॉड हाइड्रोलिक ड्रिल के द्वारा एक साथ अधार्कार क्षेत्र में पहाड़ की छाती में डाल दिये जाते हैं। फिर इन्हें बाहर निकाल कर इनके द्वारा खाली की गयी जगहों में विस्फोटक भर दिया जाता है। उसके बाद सभी रॉड के विफोटक भरे सुराखों को तारों के द्वारा एक दूसरे से जोड़ दिया जाता है। उसके बाद निमार्णाधीन सुरंग में मौजूद सभी कर्मचारियों को सुरंग से बाहर आने का निर्देश दिया जाता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# नेपाल में फिर क्यों उठ रही हिंदू राष्ट्र और राजशाही

**भारत** के पड़ोसी देश नेपाल में पिछले कुछ समय से धार्मिक तनाव बढ़ा है। यहां भारत की सीमा से लगे एरिया में कई हिंदू संगठन सक्रिय हैं और देश को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर अभियान चलाते रहते हैं। इन संगठनों में विश्व हिंदू परिषद और हिंदू स्वयं सेवक संघ बड़े नाम हैं। तराई क्षेत्र खासकर जनकपुर वाले हिस्से में इन संगठनों की सक्रियता ज्यादा नजर आ रही है और इनकी ओ? से की गईं ऐसी कई चीजें आपको दिखेंगी जो बताती हैं कि नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए यह लोग कितने सक्रिय हैं। पर बड़ा सवाल ये है कि आखिर धर्म निरपेक्ष से अचानक नेपाल 'हिंदू राष्ट्रवाद' की तरफ क्यों बढ़ने लगा ? इसको समझने के लिए पहले नेपाल के पुराने इतिहास को समझना जरुरी है। ईसा से करीब 1000 साल पहले नेपाल छोटी-छोटी रियासतों और कुलों के परिसंघों में बंटा था। गोरखा राजा पृथ्वी नारायण शाह ने 1765 में नेपाल की एकता की मुहिम शुरू की और 1768 तक इसमें सफल हो गए। यहीं से आधुनिक नेपाल का जन्म हुआ।

राजवंश के पांचवे राजा राजेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने नेपाल की सीमा के कुछ इलाकों पर कब्जा किया। 1815 में लड़ाई छिड़ी, इसका अंत सुगौली संधि से हुआ। 1846 में राजा सुरेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में, जंग बहादुर राणा एक शक्तिशाली सैन्य कमांडर के रूप में उभरे। कुछ दिन बाद राजपरिवार ने उनके आगे घुटने टेक दिए और उन्हें प्रधानमंत्री बना दिया गया। इसके साथ ही इस पद को वंशानुगत मान लिया गया। 1923 में ब्रिटेन ने नेपाल के साथ एक संधि की और इसकी स्वतंत्रता को स्वीकार किया। 1940 के दशक में नेपाल में लोगों ने देश में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। तब भारत की मदद से राजा त्रिभुवन बीर बिक्रम शाह नए शासक बने। नेपाल के राजा ज्ञानेंद्र के समय में नेपाल में राजशाही के खिलाफ व्यापक आंदोलन शुरू हुआ। सन 1959 में राजा महेंद्र बीर बिक्रम शाह ने लोकतांत्रिक प्रयोग को समाप्त कर पंचायत व्यवस्था लागू की। 1972 में राजा बीरेंद्र बिक्रम शाह ने राजकाज संभाला। 1989 में लोकतंत्र के समर्थन में जन आंदोलन शुरू हुआ और राजा बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह को सांवैधानिक सुधार स्वीकार करने पड़े।

# अब गांव-गांव में जगेगी विज्ञान और शोध की अलख

विजय गर्ग

**स्कूली** बच्चों में शोध और नवाचार के प्रति रुझान बढ़ाने सहित इसके फायदे को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत देशभर के प्रत्येक ब्लाक में एक राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जो नवंबर के अंतिम हफ्ते से जनवरी 2024 के पहले हफ्ते के बीच कभी भी आयोजित किया जा सकेगा। इस आविष्कार सप्ताह का विषय खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करना है, जो आम जनजीवन से जुड़ा है, जिसे स्कूली छात्र शिक्षक की मदद से आसानी से कर सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने इसे लेकर एक गाइडलाइन भी जारी की। जिसमें प्रत्येक ब्लाक से करीब चार से पांच स्कूलों को इसके लिए चयनित किया जाएगा। इसमें पीएम- श्री स्कूल अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इन स्कूलों में आविष्कार सप्ताह के दौरान विज्ञान, शोध और नवाचार में रुचि रखने के लिए पूरे ब्लाक के स्कूलों के बच्चे हिस्सा लेंगे। जहां वह पहले से तय विषय को वैज्ञानिक कसौटी पर परखेंगे। मंत्रालय ने राज्यों को इस संबंध में लिखे पत्र में कहा है कि वह तय अवधि के दौरान अपनी सुविधा के मुताबिक किसी भी सप्ताह इसका आयोजन कर सकेंगे। इस बीच, आविष्कार सप्ताह के आयोजन के लिए चयनित होने वाले प्रत्येक स्कूलों को तीन से चार हजार रुपये की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शामिल किया जाएगा। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, इस आयोजन का लाभ जहां एक और स्कूली बच्चों को मिलेगा। उनका विज्ञान और शोध के प्रति रुझान बढ़ेगा। वहीं इन शोधों और परीक्षण का विषय आम लोगों होने के चलते इसका लाभ गांव से जुड़ा गांव तक पहुंचेगा। वैसे भी शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगने के बाद से इन कारोबार में लगे लोग ग्रामीण क्षेत्रों की ओर से शिफ्ट हो गए हैं। जो लोगों में मिलावटी के खिलाफ जागरूकता में कमी का लाभ उठाकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे है। ऐसे में जब स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को इसके लिए जागरूक कर दिया जाएगा, तो वह लोगों को इसके प्रति सतर्क कर सकेंगे।

# आदर्श जनपद चम्पावत की परिकल्पना हो रही साकार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**ऐतिहासिक कदम**

8 सीएम धामी ने टनकपुर एवं बनबसा में फ्री वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराए जाने समेत कई घोषणाएं कीं



**टनकपुर(चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आदर्श जनपद चम्पावत की परिकल्पना को साकार किये जाने के क्रम में लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं। साथ ही विकास के नए नए अध्याय जोड़ते जा रहे हैं। इसके तहत रविवार को मुख्यमंत्री धामी ने टनकपुर में 5590.70 लाख की लागत से बनने वाले रोडवेज बस टर्मिनल, डिपो वर्कशॉप बिल्डिंग, रीजनल वर्कशॉप बिल्डिंग एवं टायर शॉप के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद अजय टम्टा मौजूद रहे।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बस टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। जिसमें बस टर्मिनल, बस डिपो अंतर्गत 100 व्यक्तियों का क्षमतायुक्त वातानुकूलित प्रतीक्षालय, 100 व्यक्तियों की बैठक क्षमता युक्त फूड कोर्ट, 170 वाहन क्षमता युक्त कार पार्किंग, 20 बेडेड पुरुष एवं महिला डॉरमेट्री, 12 बसों हेतु बोर्डिंग प्लेटफार्म, 24 बसों हेतु बस पार्किंग, 7 बसों हेतु इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग युक्त पार्किंग सुविधा, 20 बसों हेतु वर्कशॉप सुविधा, शॉपिंग स्टोर, रेस्टोरेंट्स, डिस्पेंसरी, एवं क्लॉथ रूम सुविधा, पुरुष एवं महिला सार्वजनिक शौचालय बनाया जाएगा।
जनपद आदर्श तभी बनेगा जब जनपद प्रत्येक सुविधाओं से लैस रहेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमें आधुनिक सुसज्जित बस अड्डे के निर्माण को प्राथमिकता देनी होगी तभी बाहर से आने वाले पर्यटकों व यात्रियों को यात्रा करने में सुगमता होगी।

## भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने पेश की मानवता की मिसाल



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय क्रिकेटर, विश्व कप क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दुनिया के श्रेष्ठतम गेंदबाजों में गिने जाने वाले मोहम्मद शमी ने नैनीताल के पास मानवता की मिसाल पेश की।
नैनीताल में अपनी भतीजी को उसके विद्यालय से लौटने के दौरान उनके कार के आगे चल रही एक कार कालाढूंगी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस पर शमी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त कार तक पहुंचे और कार में घायल हुए व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई।
इस संबंध में शमी ने स्वयं सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि उनकी कार के आगे चल रही कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। कार सवार को दूसरी जिंदगी मिली है। उनकी डाली गयी वीडियो में दिख रहा है कि शमी घायल को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करा रहे हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान को पुलिस मुस्तैद, एसएसपी ने दिए अधीनस्थों को निर्देश

**कार्तिक पूर्णिमा**

8 श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं स्नान पर्व को सकुशल कराने के लिए पुलिस ने प्लान तैयार किया है।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सोमवार होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसएसपी ने पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।
रविवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में अधीनस्थों को ब्रीफ करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने कल सोमवार को होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान जुटने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं स्नान पर्व को सकुशल कराने के लिए पुलिस ने प्लान तैयार किया है।
साथ ही सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहकर अपनी ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया है।
उन्होंने बताया कि स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारी गुप्त रूप से पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी नजर रखेंगे साथ ही प्रत्येक जोन में नियुक्त अन्य अधिकारी के साथ मिलकर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर किसी भी समस्या पर तत्काल उसका निवारण करेंगे। इसके अलावा स्नान पर अचानक भीड़ बढ़ने की स्थिति में दबाव को नियंत्रित करें साथ ही प्रत्येक पॉइंट पर नियुक्त पुलिसकर्मी अपनी अपनी ड्यूटी का दृढ़ता और संयम के पालन करें। मनसा देवी, चंडी देवी में ड्यूटी प्रभारी श्रद्धालुओ को कतार में ही आगे बढ़ने दे। भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल कंट्रोल रूम को जानकारी दें। इसके अलावा अत्यधिक भीड़ महिला घाट पर होती है इसके मद्देनजर नियुक्त महिला कर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। किसी को भी स्नान के लिए बहुत अधिक समय नहीं दिया जाए.स्नान के दौरान गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं के डूबने की संभावनाएं बनी रहती हैं जिसके लिए जल पुलिस की टीमों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। हर की पैड़ी क्षेत्र में आवागमन दुरुस्त रखने हेतु भिखारियों को हटाने के लिए निर्देशित किया गया।
अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए एसएसपी ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए।
साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस अड्डा व अपर रोड मेला क्षेत्र में लगातार चेकिंग करते रहने के लिए निर्देश दिए। भीड़ के नियंत्रण के लिए घुड़सवार पुलिस की दो टीमें नियुक्त की गई हैं, जो निरंतर गतिमान रहेगी।
स्नान पर्व के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जगह-जगह डायवर्जन बनाए गए हैं। इसके साथ ही भारी वाहनों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया। साथ ही सड़क के किनारे किसी भी वाहन को पार्क नहीं किया जाएगा। डयूटी के दौरान तैनात सभी पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। पूरे स्नान पर्व के दौरान नियुक्त पुलिस बल में 9 पुलिस उपाधीक्षक, 16 थाना प्रभारी, 59 सब इंस्पेक्टर, 11 टीम अभिसूचना ईकाई बीडीएस, 2 टीम डॉग, 2 टीम घुड़सवार पुलिस, 4 टीम जल पुलिस, 2 कंपनी पीएसी, 1 प्लाटून डेढ़ सेक्शन व 3 यूनिट फायर के साथ भारी संख्या में पुलिस बल की तैनात रहेंगी।

## संविधान दिवस पर एफआरआई में दिलाई गई शपथ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत सरकार द्वारा भारत के नागरिकों के बीच संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ. भीमराव आम्बेडकर के विचारों का प्रसार करने के लिए प्रति वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।
26 नवम्बर, 2023 को वन अनुसंधान संस्थान के मुख्य भवन के दीक्षान्तगृह में वन अनुसंधान संस्थान निदेशक, डा. रेनू सिंह ने भारत के संविधान की उद्देशिका का संस्थान कर्मियों के समक्ष उल्लेख किया और इसके अनुपालन की शपथ दिलाई।

# भारत विकास परिषद का अधिवेशन 16-17 को हरिद्वार में

**अधिवेशन**

8 यह जानकारी भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा ने दी।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारत विकास परिषद का द्विदिवसीय क्षेत्रीय अधिवेशन 16-17 दिसम्बर को हरिद्वार में होगा। यह जानकारी भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा ने दी। इससे पूर्व उन्होंने परिषद की स्थानीय आयोजन समिति के सदस्यों की औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री गुरु कृपा औषधालय में हुई बैठक में अधिवेशन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया।
परिषद के एनसीआर क्षेत्र के संयुक्त महासचिव शरद चन्द, उत्तराखंड प्रांत (पश्चिम)की महासचिव डॉ. मनीषा सिंहल, उत्तराखंड प्रांत पश्चिम के प्रांतीय अध्यक्ष बृज प्रकाश गुप्ता व मीडिया प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तराखंड पश्चिम प्रांत को दो दिवसीय क्षेत्रीय अधिवेशन आयोजित करने का अवसर मिला है, जिसकी थीम *अमृत सरोवर* रखी गई है। क्षेत्रीय अधिवेशन में 500 से अधिक डेलीगेट्स भाग लेंगे।

# किसान के फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन बेचने वाला नटवार लाल चढ़ा पुलिस के हत्थे



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
किसान के फर्जी हस्ताक्षर कर उसकी जमीन को बेचने कर लाखों की धोखाधड़ी करने के आरोपित नटवरलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
रुड़की गंगनहर क्षेत्र के ग्राम पीरपुरा कोतवाली मंगलौर निवासी नावेद आलम पुत्र तुफैल अहमद ने 25 नवम्बर को नामजद आरोपितों के खिलाफ समसपुर खुण्डेवाली में किसान रमेश के फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित रजिस्टर्ड एग्रीमेन्ट से किसान की भूमि खरीदकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था।
मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में थी। पुलिस ने आज कार्रवाई करते हुए आरोपित राव अहतेशाम पुत्र राव आफताब निवासी गाधारोना थाना कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

## एम्स में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए प्रभु सेवा के नाम से शुरू की गई निशुल्क चाय




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश एम्स में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को आर्थिक रूप से सहयोग किये जाने की दृष्टि को लेकर प्रभु चाय सेवा के नाम से सुबह के समय निशुल्क चाय और बिस्कुट की सेवा के पूरे शीतकाल तक प्रारंभ की गई है।
रविवार को प्रभु चाय सेवा का शुभारंभ संयोजक ललित शर्मा और संतोष पांडे के संचालन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हरीश तिवारी और विक्रम सिंह, सीताराम ठेकेदार ,सुरेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह सेवा शीतकाल में एम्स के आसपास और एम्स में आने वाले मरीजों के साथ वालों के लिए प्रारंभ की गई है।
इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ललित शर्मा ने कहा कि शीतकाल में हम यह चाय सेवा निरंतर प्रारंभ रखेंगे ,जिससे दूर दराज से आने वाले मरीज के तीमारदारों के लिए चाय सुचारु रूप से चल सके। साथ ही जरूरतमंद राहगीरों को भी इसका लाभ मिल सके।
संतोष पांडे ने कहा कि सर्दियों में चाय के द्वारा सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा और शहर के गणमान्य व्यक्तियों को भी इसमें निरंतर जोड़ते रहेंगे ,ताकि चाय सेवा के द्वारा पूरे उत्तराखंड में इसकी प्रेरणा जाए।
इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ललित शर्मा ,संतोष पांडे ,मनवर नेगी ,सुरेश नेगी ,विक्की वर्मा ,दीपक रावत ,अमित वर्मा ,संजीत कुमार, गुड्डू गुप्ता ,सुनील भट्ट, भरत नेगी ,विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।

## विधायक अनुपमा ने मुख्यमंत्री पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार राज्य में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तलाशने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 करवाई जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में देश-विदेश के उद्योगपति भाग ले रहे हैं। बड़े पैमाने पर एमओयू साइन किए जा रहे हैं, लेकिन विपक्ष इस मामले में सरकार को घेर रहा है।
कांग्रेस की हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने जिला प्रशासन के अधिकारियों पर काम में ढिलाई बरतने और उनके क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

# साध्वी गरिमा भारती ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति गाथा को श्रद्धालुगणों के समक्ष रखा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से सात दिवसीय श्री शिव कथामृत आयोजन को किया जा रहा है। इस कथा के माध्यम से साध्वी गरिमा भारती जी ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति गाथा को समस्त श्रद्धालु गणों के समक्ष रखा अवंतिका नगरी में पेट प्रिय ब्राह्मण की भक्ति को खंडित करने के लिए जिसमें दूषण राक्षस ने आक्रमण किया भगवान भोलेनाथ महाकाल के स्वरूप में प्रकट होकर दूषण का वध कर भक्त वेद प्रिय ब्राह्मण की रक्षा करते हैं। भक्तों की प्रार्थना पर अपने महाकालेश्वर स्वरूप को उन्होंने उज्जैन के अंदर स्थापित किया। दूषण वास्तव में प्रतीक है? मानव के मन की दुष्ट प्रवृत्तियों, दुष्कर्म। आज दूषण रुपी असुर के प्रभाव के कारण ही मानव का जो कर्म है वह असुरों के जैसा है।
आज समाज में सबसे बड़ी चुनौती है एक मानव को मानव बनाना। जिस चुनौती को सदैव अध्यात्म ने स्वीकारा। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी ब्रह्म ज्ञान प्रदान कर मानव को शाश्वत भक्ति के साथ जोड़कर उसके विचारों को परिवर्तित कर, सही मायने में एक इंसान बना रहे हैं। भगवान शिव के जो भारत के कोने कोने में 12 ज्योतिर्लिंग स्वरूप स्थापित हैं वह भगवान शिव के निराकार ब्रह्म स्वरूप को दशार्ता है। भगवान शिव का अपने अंतःकरण में बृहदेश्वर मंदिर में साक्षात्कार प्राप्त करने के लिए हमें अपने जीवन में एक अध्यात्मिक सतगुरु की आवश्यकता है। भगवान शिव की अपने भक्तों के उद्धार हेतु की गई प्रत्येक लीला आध्यात्मिक ज्ञान के और हमें अग्रसर करती हैं। भगवान शिव के जो 12 ज्योतिर्लिंग स्वरूप हैं वह हमें यह संदेश देते हैं कि हमारी देह एक शिवालय है और प्रभु शिव ज्योतिर्लिंग रुप में हमारे भीतर विद्यमान है।
हमारे समस्त ग्रंथों में भगवान शिव के वास्तविक स्वरूप को निराकार ओंकार स्वरूप कह करके संबोधित किया। ओंकार स्वरूप को जानकर ही हम अपने जीवन को सार्थक कर सकते हैं। भगवान शिव के हाथ का त्रिशूल शाश्वत नाम, डमरु अनहद संगीत व प्रभु का जटा जूट मुकुट जिसमें चंद्रमा सुशोभित है वह भगवान भोलेनाथ के वास्तविक स्वरूप प्रकाश की ओर इंगित करता है। उनके मस्तक पर सुशोभित गंगा अमृत स्वरूप है।
भगवान शिव का काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग जी वास्तव में हमें घटते भीतर ही स्थित काशी की और उनके करता है भगवान शिव स्वयं अपने मुखारविंद शिव महापुराण में कहते हैं कि मेरी जो काशी नगरी है अत्यंत दिव्य गोपनीय उत्तर है जिसे केवल मात्र ज्ञान चक्षु के माध्यम से अपने अंतर्गत में उतरते हैं योगी जन देख पाते हैं बिना ज्ञान चक्षु के काशी नगरी का दर्शन कर पाना असंभव है। अपने अंतर्गत में उस प्रकाश स्वरूप परमात्मा को देख उसमें ध्यानमग्न हुए अवस्था में प्राण त्यागने पर ही मुक्ति को प्राप्त कर सकते हैं। जिस समय एक साधक अपने इस दे रुपए काशी में भगवान विश्वनाथ स्वरूप के साथ एकाग्र हो जाता है यही वास्तव में अहम ब्रह्मास्मि की अवस्था को प्राप्त करना है।

# सूचना अधिकार अधिनियम का उद्देश्य कामकाज में पारदर्शिता लाना है : भट्ट



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में सूचना का अधिकार अधिनियम के लिए लोगों में जागरुकता की कमी है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का मुख्य उद्देश्य कामकाज में पारदर्शिता लाना है। आयोग का काम सिर्फ अपील सुनना नहीं है, इसकी सार्थकता तभी होगी जब विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों में 17 बिंदुओं को स्पष्ट रूप से साइन बोर्ड पर अंकित किया जाना है, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता के लिए है, जनता को इस एक्ट के बारे में जानकारी देने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने नगर पालिका गोपेश्वर के अधिशासी अधिकारी को बुलाकर आरटीआई डेस्क के बारे में जानकारी मांगी। इस पर अधिकारी ने बताया कि यहां डेस्क नहीं है। उन्होंने कार्यालय में अलग से डेस्क तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आरटीआई को लेकर लोगों के मन में नेगेटिविटी अधिक है, जिससे इसका दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में आरटीआई की 1500 सूचनाओं पर सुनवाई गतिमान है। प्रतिदिन लगभग 250 सूचनाओं का निस्तारण किया जाता है। पत्रकारों ने राज्य सूचना आयुक्त का स्मृति स्वागत भी किया गया।
पत्रकार रजपाल बिष्ट, क्रांति भट्ट, शेखर रावत, देवेंद्र रावत, प्रमोद सेमवाल, पुष्कर सिंह, संदीप कुमार, मनोज रावत, राम सिंह राणा आदि ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# आत्मानुशासन है खेलों में सफलता का आधार: रविन्द्र पुरी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड शासन द्वारा स्पोटर्स स्टेडियम, रोशनाबाद हरिद्वार में हुए खेल महाकुम्भ-2023 में एसएमजेएन पीजी कॉलेज में के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।
इस संबंध में कॉलेज के मुख्य खेलकूद अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह तोमर ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता छात्रा वर्ग टीम में नंदिनी सेठ, उर्वशी, जया, पूजा, प्रिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया।
प्रो. तोमर ने बताया कि महाविद्यालय के समस्त विजयी व प्रतिभागियों छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।
अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि खेलों में तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता तभी अर्जित की जा सकती है जबकि जीवन में आत्म अनुशासन हो। कहा कि खेलों में खेल भावना से भाग लेना ही प्राथमिक है जबकि जीतना द्वितीयक है तथा प्रबन्ध समिति भी इस बात के लिए कटिबद्ध है कि महाविद्यालय स्तर पर खेलकूद प्रतिभाओं को निखारा जाये। श्रीमहन्त ने समस्त प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया प्राचार्य डॉ. सुनील बत्रा ने समस्त विजयी एवं समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्रा को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की तथा मुख्य खेलकूद अधीक्षक प्रो. तेजवीर सिंह तोमर, खेलकूद अधीक्षक विनय थपलियाल व खेलकूद कोच मनोज मलिक को धन्यवाद प्रेषित किया।

# अतुल बने मुक्केबाजी के राष्ट्रीय निर्णायक

**प्रयागराज।** शहर के अतुल सिद्धार्थ वन स्टार परीक्षा उत्तीर्ण कर मुक्केबाजी के राष्ट्रीय निर्णायक बन गये हैं। अतुल से प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉक्सिंग फेडरेशन इंडिया (बीएफआई) द्वारा 8 से 14 जुलाई ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में राष्ट्रीय निर्णायकों की वन स्टार परीक्षा कराई गई थी। इसी को उत्तीर्ण करके प्रयागराज के अतुल सिद्धार्थ अब राष्ट्रीय निर्णायकों की सूची में आ गये हैं। राष्ट्रीय पदक विजेता रह चुके और प्रयागराज मुक्केबाजी संघ के सचिव अतुल सिद्धार्थ वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे में स्टेशन अधीक्षक पद पर कार्यरत है। अतुल को साथी खिलाड़ियों और मुक्केबाजी संघ के सभी सदस्यों ने बधाई दी है।


अतुल सिद्धार्थ

# इमाम उल हक की शादी में पोल्का डॉट ड्रेस पहनकर पहुंचे बाबर आजम

**बेंगलुरु।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने से पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर इमाम उल हक ने आखिरकार शादी कर ली। इमाम ने अपनी शादी पर पाकिस्तानी क्रिकेटरों को बुलाया था, जहां पोल्का डॉट ड्रेस पहनकर आए बाबर आजम सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हो गए। पोल्का डॉट ड्रेस अक्सर बॉलीवुड अभिनेत्रियों के प्रेग्नेंसी की खबर घोषित करने के लिए मशहूर है। इस ड्रेस में अनुष्का शर्मा समेत कई बड़ी अभिनेत्रियां दिख चुकी हैं। लेकिन बाबर जब इमाम की शादी में ऐसा ही कुर्ता पहनकर आ गए तो उनका खूब मजाक बना।



**फैंस ने ऐसे किया ट्रोल**

बाबर आजम और सरफराज अहमद लाहौर में अपनी टीम के साथी इमाम-उल-हक की शादी में पहुंचे। इनके अलावा कई और खिलाड़ी भी यहां पहुंचे। सभी ने 'कव्वाली नाइट्स' का मजा लिया। सरफराज तो कव्वाली का डूबकर आनंद लेते दिखे। वही, बाबर और उस्मान कादिर उनके बगल में बैठकर लुत्फ उठा रहे थे। सरफराज अहमद इस दौरान 'मेरा पिया घर आया' की धुन पर थिरकते दिखे। बता दें कि इमाम का निकाह (शादी समारोह) शनिवार, 25 नवंबर को हुआ। रिसेप्शन एक दिन बाद यानी रविवार को होनी है।

# अदिति अशोक संयुक्त दूसरे स्थान पर

**एंडालुसिया (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एंडालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डि इस्पाना के दूसरे दौर में बिना बोगी किए 4 अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रही हैं। अदिति का 36 होल में कुल स्कोर 7 अंडर का है। वह आस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडजेले (66, 69) से दो शॉट पीछे चल रही है जिनका कुल स्कोर 9 अंडर है। अदिति ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था। टूर चैम्पियनशिप में अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर 72 और 71 के कार्ड से संयुक्त 23वें स्थान पर चल रही हैं। अदिति ने तीसरे, 5वें और 9वें होल में बर्डी लगाई और 13वें होल में बर्डी से 68 का कार्ड बनाया।



# Gujarat Titans का कप्तान : शुभमन गिल अभी फाइनल नहीं, इन 5 क्रिकेटरों में है टक्कर

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में जाने की पूरी संभावना है। यह सुनने में भले ही चौंकाने वाला लगे, लेकिन गुजरात टाइटन्स अपने आईपीएल विजेता कप्तान को जाने दे रहे हैं। मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच इसको लेकर क्या बातचीत हुई अभी इसकी किसी को खबर नहीं है। लेकिन माना जा रहा है कि तक हार्दिक पांड्या के मुंबई में लौटने की घोषणा हो जाएगी। अगर ऐसा होता है तो देखना होगा कि गुजरात टाइटंस के पास कप्तानी के लिए क्या-क्या विकल्प होंगे।

# डीपीएस नेशनल बॉस्केटबाल पर बंगलूरू दक्षिण का कब्जा

**प्रयागराज।** बंगलूरू दक्षिण ने वसंज कुंज को 68-38 अंक से हराकर डीपीएस गर्ल्स नेशनल बॉस्केटबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमा लिया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल नैनी में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में विजेता टीम की तरफ से प्रमुख स्कोरर आध्या (23) और दृष्टि (22) रहीं जबकि पराजित टीम की साहिरा (10) और मिली (03) प्रमुख स्कोरर रही। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में बंगलूरू दक्षिण ने गुरूग्राम को 39-05 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में वसंतकुंज ने नोएडा को 84-64 से हराया। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में नोएडा ने गुरूग्राम को 56-44 से हराया। क्वार्टर फाइनल में वसंत कुंज ने जालंधर को, नोएडा ने रानीपुर को, बेंगलुरु दक्षिण ने लखनऊ को और गुरुग्राम ने नुमालीगढ़ को पराजित किया। मैचों में आशीष कुमार, विपिन खत्री, ऋषभ देव, विशाल चंद्रा, शुभम, निकिता यादव, मुस्कान वर्मा ने निर्णायक का दायित्व निभाया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल अरविंद चौहान (जनरल कमांडिंग ऑफिसर, 4 इंफैंट्री डिवीजन) ने पुरस्कार वितरित किये। नोएडा की माही त्रिपाठी को प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट चुना गया। विद्यालय की अध्यक्ष सोनू सिंह ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. सुजाता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन स्पोर्ट्स टीचर स्वाति सिंह ने किया। प्रतियोगिता में अध्यापिका शुभ्रा अग्रवाल और संचल एवं खेल प्रशिक्षकों विनोद कुमार, मशरूफ, शाहबाज, आकाश, आशीष और शुभम का विशेष योगदान रहा।




# आईएसएल : बेंगलुरू को जीत की दरकार, घर का फायदा उठाना चाहेगा नॉर्थईस्ट यूनाइटेड

**गुवाहाटी।** मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और बेंगलुरू एफसी रविवार को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में भिड़ेंगे, तो ब्लूज का इरादा अपने अभियान को पटरी पर लाना होगा। अब तक छह मैचों में केवल एक जीत के साथ, ब्लूज ने अपने अभियान की शुरुआत पिछले सीजन की तरह ही धीमी की है।हालांकि, वे आईएसएल 2022-23 के दूसरे चरण में अपनी जबर्दस्त वापसी से आत्मविश्वास प्राप्त कर सकते हैं, और घर से दूर अवे मैच से तीन अंक प्राप्त करके अपना भाग्य बदल सकते हैं। दूसरी ओर, हाईलैंडर्स को उम्मीद होगी कि वे अपने घरेलू मैदान पर अपनी सकारात्मक फॉर्म को जारी रखेंगे, क्योंकि इस सीजन में खेले तीन घरेलू मैचों में दो जीत चुके हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम एक कठिन टीम के खिलाफ खेलने जा रहे हैं। उनके कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में हैं। उनके पास बहुत अच्छे विदेशी खिलाड़ी और महान कोच हैं। लिहाजा इस टीम के खिलाफ खेलना कठिन है। अभी तालिका को देखने का समय नहीं है, ऐसा सीजन समाप्त होने के बाद करेंगे। यह दोनों टीमों के लिए बहुत मुश्किल होने जा रहा है और इसे देखना रोमांचक होगा। बेंगलुरू एफसी के मुख्य कोच साइमन ग्रेसन ने मैच से पहले कहा, वे (नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी) पिछले साल की तुलना में बिल्कुल अलग टीम हैं, मैदान के अंदर और बाहर भी। हमें बस यह सुनिश्चित करना है कि हम उस स्तर का प्रदर्शन करें जितना हम कर सकते हैं। हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके पास एक अच्छी टीम है, इसलिए प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हुए हम जानते हैं कि हमें क्या करना है और उम्मीद है कि आगामी मैच से हमें तीन अंक मिल सकते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक 14 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें बेंगलुरू एफसी ने 8 में जीत दर्ज की है और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने दो में जीत दर्ज की है, 4 मैच ड्रा रहे हैं।




# सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप : कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा और पंजाब सेमीफाइनल में

**चेन्नई।** हॉकी कर्नाटक, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी हरियाणा और हॉकी पंजाब शनिवार को अपने-अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीतकर 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के सेमी-फाइनल में पहुँच गए हैं।

**कर्नाटक ने झारखंड को हराया:**

पहले क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक ने झारखंड को 4-1 से हराया। कर्नाटक ने कप्तान गौड़ा शेशे (23') और लिखित बीएम (32') के गोल की मदद से शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बना लिया। झारखंड के लिए दिलबर बारला (39') ने गोल कर टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की, हालांकि कर्नाटक के हरीश मुतगर (46', 49') ने दो गोल कर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी।

**तमिलनाडु ने रोमांचक वापसी करते हुए जीत दर्ज की:**

दूसरे क्वार्टरफाइनल मैच में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 3-2 हराया। मनीष साहनी (27') और सुनील यादव (30') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश हॉकी को दो गोल की बढ़त दिला दी, लेकिन इसके बाद हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने दूसरे हाफ में जोरदार प्रदर्शन किया, पहला जे. कविन किशोर (33') ने गोल करके स्कोर 2-1 किया और फिर कप्तान जे जोशुआ बेनेडिक्ट वेस्ली (52', 59') ने दो गोल करके अपनी टीम को 3-2 से जीत दिला दी।



**पेनल्टी शूटआउट में हॉकी हरियाणा ने दर्ज की जीत:**

तीसरे क्वार्टरफाइनल मैच में निर्धारित समय की समाप्ति पर खेल 2-2 से बराबर होने के बाद हॉकी हरियाणा ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हरा दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर संजय (8', 15') ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हॉकी हरियाणा को बढ़त दिलाई, लेकिन हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने कप्तान और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमित रोहिदास (22') और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा (43ञ) के गोल के जरिए जवाब दिया। । पेनल्टी शूटआउट की सडेन डेथ में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक ने स्कोर किया और हॉकी हरियाणा की जीत पक्की कर दी।

**हॉकी पंजाब ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की:**

आखिरी क्वार्टर फाइनल मैच में पंजाब ने मणिपुर को 4-2 से शिकस्त दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (31', 51') ने फिर से उदाहरण पेश करते हुए पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किया। स्कोरशीट में उनके साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड सुखजीत सिंह (20') और प्रदीप सिंह (6') शामिल हुए। मणिपुर ने अपने कप्तान चिंगलेनसाना (36') सिंह और ऋ षि युमनाम (45') के माध्यम से दो गोल किए। अंत में पंजान ने 4-2 से जीत दर्ज की।

# एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, उदय सहारन होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की जूनियर क्रिकेट कमेटी ने यूएई में खेले जाने वाले आगामी एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2023 के लिए भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी है। गत चैंपियन भारत भी टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम है जिसने आठ बार ट्रॉफी जीती है। भारत की अंडर-19 टीम में 15 सदस्य और तीन यात्रा करने वाले स्टैंडबाय खिलाड़ी शामिल होंगे। चयन समिति ने चार अतिरिक्त रिजर्व खिलाड़ियों को भी नामित किया है। रिजर्व खिलाड़ी भ्रमण दल का हिस्सा नहीं होंगे।



**भारतीय टीम इस प्रकार है-**

अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रूद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उपकप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

# महिला क्रिकेट: भारत 'ए' के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड ए टीम घोषित, चार्ली डीन होंगी कप्तान

**चेन्नई।** हॉकी कर्नाटक, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी हरियाणा और हॉकी पंजाब अपने-अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीतकर 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के सेमी-फाइनल में पहुँच गए हैं।

पहले क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक ने झारखंड को 4-1 से हराया। कर्नाटक ने कप्तान गौड़ा शेशे (23') और लिखित बीएम (32') के गोल की मदद से शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बना लिया। झारखंड के लिए दिलबर बारला (39') ने गोल कर टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की, हालांकि कर्नाटक के हरीश मुतगर (46', 49') ने दो गोल कर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी।

दूसरे क्वार्टरफाइनल मैच में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 3-2 हराया। मनीष साहनी (27') और सुनील यादव (30') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश हॉकी को दो गोल की बढ़त दिला दी, लेकिन इसके बाद हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने दूसरे हाफ में जोरदार प्रदर्शन किया, पहला जे. कविन किशोर (33') ने गोल करके स्कोर 2-1 किया और फिर कप्तान जे जोशुआ बेनेडिक्ट वेस्ली (52', 59') ने दो गोल करके अपनी टीम को 3-2 से जीत दिला दी।तीसरे क्वार्टरफाइनल मैच में निर्धारित समय की समाप्ति पर खेल 2-2 से बराबर होने के बाद हॉकी हरियाणा ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हरा दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर संजय (8', 15') ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हॉकी हरियाणा को बढ़त दिलाई, लेकिन हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने कप्तान और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमित रोहिदास (22') और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा (43ञ) के गोल के जरिए जवाब दिया। । पेनल्टी शूटआउट की सडेन डेथ में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक ने स्कोर किया और हॉकी हरियाणा की जीत पक्की कर दी। आखिरी क्वार्टर फाइनल मैच में पंजाब ने मणिपुर को 4-2 से शिकस्त दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (31', 51') ने फिर से उदाहरण पेश करते हुए पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किया। स्कोरशीट में उनके साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड सुखजीत सिंह (20') और प्रदीप सिंह (6') शामिल हुए। मणिपुर ने अपने कप्तान चिंगलेनसाना (36') सिंह और ऋषि युमनाम (45') के माध्यम से दो गोल किए। अंत में पंजान ने 4-2 से जीत दर्ज की।

# मुंबई के साथ सफर अच्छा रहा; सीएसके में जाना और भी खास था: अंबाती रायुडू

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने करियर की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मुंबई इंडियंस के साथ उनका सफर शानदार था, लेकिन उन्हें अपना खास समय चेन्नई सुपर किंग्स में मिला। रायुडू ने 2010 में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल में पदार्पण किया और 2017 संस्करण तक टीम के लिए खेले,साथ ही 2013, 2015 और 2017 में उनके साथ तीन खिताब जीते। इसके बाद 2018 सीज़न से पहले उन्हें सीएसके ने अपने साथ जोड़ा। उस संस्करण में, रायुडू ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, उन्होंने 16 पारियों में 43 की औसत से 602 रन बनाए थे, जिसमें उनका नाबाद 100 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था, क्योंकि टीम ने स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी में एक प्रमुख अधिकारी की संलिप्तता के कारण दो साल के निलंबन के बाद ट्रॉफी जीती थी।

वह आईपीएल 2021 और 2023 का खिताब जीतने वाली सीएसके टीम के सदस्य थे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले सीज़न के बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात टाइटन्स पर फ्रेंचाइजी की जीत के बाद उन्होंने लीग से संन्यास ले लिया था। यूट्यूब पर प्रसारित द रणवीर शो पॉडकास्ट पर रायुडू ने कहा, मैं खुद को टीम के माहौल में बहुत लचीले होने के रूप में याद रखूंगा। मैं मध्यक्रम के साथ निचले मध्यक्रम के साथ भी खुलकर बल्लेबाजी कर रहा था। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां मुझे टीम के लिए योगदान करने पर बहुत गर्व है और मैं अपने करियर में उस पहलू को बहुत महत्व देता हूं।' उन्होंने कहा,'बेशक, मैंने मुंबई के लिए आठ साल तक खेला। मैंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत मुंबई से की। यह एक शानदार यात्रा थी और हमने तीन आईपीएल और दो चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीतीं। हमने बहुत अच्छा समय बिताया।'सीएसके में अपने समय के बारे में बात करते हुए, रायुडू ने आगे कहा, ÷सीएसके में जाना और भी खास था, लेकिन दूसरे ड्रेसिंग रूम में बैठना, नीले के बजाय पीले पैड पहनना और मुंबई का सामना करना बहुत अजीब था।



उन्होंने कहा, यह मेरे दिमाग में एक फ्लैशबैक की तरह चल रहा था, यह याद करते हुए कि हम हर दिन क्या करते थे। तब से, हाँ, मुझे सीएसके में रहने की आदत हो गई है। दाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने भारतीय क्रिकेट और आईपीएल में एक लीडर के रूप में एमएस धोनी की विरासत के बारे में भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, 'हर कोई जानता है कि धोनी ने सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, साथ ही कई खिलाड़ियों को चमकाया भी है, यहां तक कि उन्होंने सीएसके के लिए खेलने वाले कई विदेशी खिलाड़ियों से भी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराया है। मुझे लगता है कि यह उनके अंदर है। मैं यह नहीं जानता कि इसे कैसे व्यक्त करूं, लेकिन इतना कहूंगा कि वह धन्य हैं और उन्होंने इतने वर्षों तक खेलते हुए इसे विकसित किया है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन कई बार मुझे आश्चर्य होता है कि वह ऐसा कुछ क्यों कर रहे हैं जो मुझे उचित नहीं लगता। लेकिन दिन के अंत में, परिणाम दिखाते हैं कि वह सही थे और 99.9 प्रतिशत बार वह सही हैं, इससे पता चलता है कि वह जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं और उन्होंने इसे इतने लंबे समय तक और इतनी सफलतापूर्वक किया है कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी उनकी तरह ऐसा कर सकता है।

# इमाद वसीम ने टी10 लीग के लिए नेशनल टी20 कप से हटने का किया फैसला

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इमाद वसीम ने आगामी अबू धाबी टी10 लीग में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय टी20 कप में न खेलने का फैसला किया है। इस फैसले की पुष्टि इस्लामाबाद टीम के कोच जुनैद खान ने की, जिन्होंने खुलासा किया कि इमाद लीग क्रिकेट में अपने भविष्य की कल्पना कर रहे हैं, जिससे उन्होंने टी10 क्रिकेट की ओर कदम बढ़ाया। जियोसुपर.टीवी को दिये एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में खान ने कहा कि इमाद वसीम लीग क्रिकेट में अपना भविष्य देखते हैं, इसलिए उन्होंने टी10 लीग में जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा, इमाद को लगता है कि लीग क्रिकेट में उनका भविष्य बेहतर है इसलिए उन्होंने टी10 लीग में खेलने का फैसला किया। इमाद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस्लामाबाद की टीम में शामिल किया। उन्हें हारिस रऊफ के नेतृत्व में खेलना था। कराची व्हाइट्स के खिलाफ शुरुआती मैच में इमाद इस्लामाबाद की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। इससे पहले, 28 नवंबर से शुरू होने वाली आगामी टी10 लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने को लेकर उनकी भागीदारी अनिश्चित थी। पीसीबी ने इमाद को एनओसी नहीं दी है क्योंकि उच्च अधिकारी चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय टी20 कप में भाग लें। इमाद टी10 लीग के लिए डेक्कन ग्लेडियेटर्स का हिस्सा हैं। इमाद की उपलब्धता पर हरी झंडी पाने के लिए फ्रेंचाइजी पीसीबी की ओर भी देख रही है। ग्लेडियेटर्स की टीम 28 नवंबर को शुरुआती मैच में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स से भिड़ेगी। 34 वर्षीय इमाद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और प्रशंसकों दोनों से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।का प्रमाण है कि हमारे प्रयास सही दिशा में हैं।



# स्पेन पर जीत के साथ ही जर्मनी इतिहास रचने की ओर अग्रसर

**जकार्ता।** जर्मनी एक ही वर्ष में फीफा अंडर-17 विश्व कप और यूईएफए यूरोपीय अंडर-17 चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली टीम बनने से दो जीत दूर है। सेमीफाइनल में जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से होगा, जिन्होंने अंतिम-आठ के तनावपूर्ण मुकाबले में अपने साथी यूरोपीय दिग्गज स्पेन को 1-0 से हरा दिया। बढ़ते आत्मविश्वास के जर्मनी की टीम अब इतिहास बनाने की राह पर है।

जब 2023 में जर्मनी की अविश्वसनीय सफलता के बारे में पूछा कहा गया, तो कोच क्रिस्चियन वुक और उनके खिलाड़ियों दोनों के मुंह से एक शब्द निकला: मानसिकता। वुक ने फीफा को बताया, यह विश्वास यहां भी है, जैसा कि यूरो में था। शायद हम विश्वास करने में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। हम हारने के बारे में नहीं सोचते, हम जीतने के बारे में सोचते हैं। मानसिक रूप से हम मजबूत रहे हैं। अब, हम सेमीफाइनल में हैं, हम 2 दिसंबर तक रहना चाहते हैं, फाइनल खेलना चाहते हैं और जीतना चाहते हैं। स्पेन के मुकाबले में, जर्मनी ने उस टीम के खिलाफ गेंद के बिना काफी समय बिताया, जिसे वुक ने शायद तकनीकी रूप से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताया था। सेंटर-बैक फिन जेल्त्श ने कहा, हर किसी ने सब कुछ दिया, आप देख सकते हैं कि हम कैसे दौड़े और हमने जो भी टैकल किया, उससे यह एक अविश्वसनीय टीम प्रदर्शन था। यह एक खूबसूरत एहसास है। मैं एक अद्भुत स्ट्राइकर (स्पेन के बार्सिलोना स्टार मार्क गुइउ) के खिलाफ खेल रहा था। आप देख सकते हैं कि उसमें महान गुण हैं। हमने जो किया उसके लिए मुझे खुद पर और टीम पर गर्व है। यूरो और विश्व कप सबसे बड़ी ट्रॉफियां हैं जिन्हें आप अर्जित कर सकते हैं। इस टीम के साथ, अपनी मानसिकता के साथ, हम सब कुछ जीत सकते हैं। पेरिस ब्रूनर यूरोपीय चैम्पियनशिप अभियान में जर्मनी के महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे, उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल किये और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। वुक ने कहा, पेरिस इस टूर्नामेंट में उतना अच्छा नहीं रहा जितना यूरो में था। लेकिन हम जानते हैं कि उसे केवल एक पल की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि इससे उन्हें बाकी प्रतियोगिता के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा। वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वुक की टीम का अगला मुकाबला अर्जेंटीना से है, जिसने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील पर 3-0 की जबरदस्त जीत के बाद सेमीफाइनल में प्रवेश करेगा है।

## 'सीमा की सुरक्षा के लिए फिट और सतर्क रहें सैनिक'

### अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ने वालोंग में जवानों का बढ़ाया हौसला

**सुरक्षा की बात**

**8 अंतरराष्ट्रीय सीमा देश की सुरक्षा के लिए संवेदनशील और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।**





**टीम एक्शन इंडिया/ईटानगर**
अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक (सेवानिवृत्त) ने अंजॉ जिले के वालोंग का दौरा किया। राज्यपाल ने भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और राज्य पुलिस के कर्मियों के साथ बातचीत की।

राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा देश की सुरक्षा के लिए संवेदनशील और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने संवेदनशील सीमाओं की रक्षा में भारतीय सशस्त्र बलों की वीरतापूर्ण परंपराओं को बनाए रखने और सतर्क रहने के लिए बलों को प्रोत्साहित किया।

**स्थानीय लोगों के साथ मिलजुल कर रहे जवान: राज्यपाल**

उन्होंने सीमा की रखवाली करने वाले जवानों को शारीरिक फिटनेस और मजबूत मानसिक सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, उन्होंने सीमा को सुरक्षित रखने के लिए कर्मियों के साथ आधुनिक सुरक्षा डिजाइन और कदम भी साझा किए। उन्होंने आगे जवानों से स्थानीय लोगों के साथ मिलजुल कर सद्भावना के साथ रहने की सलाह दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन, अंजॉ के उपायुक्त तालो जेरांग, पुलिस अधीक्षक राईक कामसी, बिहार, असम और पंजाब रेजिमेंट के अधिकारी और जवान और आईटीबीपी, बीआरओ, भारतीय वायु सेना के अधिकारी और राज्य पुलिस के जवान उपस्थित थे।

**भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य क्या है?**

राज्यपाल ने किबिथू में वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रम के तहत चयनित सीमावर्ती गांवों के निवासियों के साथ भी बातचीत की। ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ नहीं उठा सके, उन्हें अगले साल 26 जनवरी से पहले लाभ दिया जाना चाहिए।

### यात्रा में समुदाय की भलाई पर विशेष ध्यान दिया गया है: राज्यपाल



**उन्होंने** बताया कि यात्रा में आदिवासी कल्याण और आदिवासी समुदाय की भलाई पर विशेष ध्यान दिया गया है और उन लोगों से अपील की गई है जिन्हें अभी तक केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभ नहीं मिला है, वे आगे आएं और इसका लाभ उठाएं। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सीखने और कौशल के बारे में है और उन्होंने सभी को नई नीति के कार्यान्वयन में योगदान देने की सलाह दी।

## जम्मू-कश्मीर के उरी में लश्कर के 3 आतंकी पकड़े गए



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
कश्मीर के शोपियां में अंसार गजवत-उल-हिंद के एक आतंकवादियों के मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहशख्स शोपियां में हाबदीपोरा क्रॉसिंग से पकड़ा गया। पुलिस, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14 बटालियन की जॉइंट टीम ने इसे पकड़ा। इस व्यक्ति के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। शोपियां पुलिस ने इसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसके पहले रविवार सुबह उरी में झूला फुट ब्रिज के पास सुरक्षाबलों की जॉइंट नाका चेकिंग के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी पकड़े गए।

सर्च के दौरान इनके पास से 3 चीनी ग्रेनेड और ढाई लाख रुपए कैश भी मिला है। उरी पुलिस स्टेशन में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

## इसरो के पहले मानव अंतरिक्षयान में कौन होगा सहयोगी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अंतरिक्ष में पहला मानव अंतरिक्ष यान भेजने की तैयारी में जुटा इसरो अपनी इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में किस देश को सहयोगी बनाएगा? अमेरिका या रूस? अभी नासा का पलड़ा भारी लग रहा है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन रविवार (27 नवंबर, 2023) को भारत पहुंच रहे हैं। उनकी भारत सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात होनी है और वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां भारत व अमेरिका के बीच भावी अंतरिक्ष सहयोग के मसौदे पर बात होनी है। अभी तक रूस भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र में सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है, लेकिन यूक्रेन युद्ध की वजह से दोनों देशों के अंतरिक्ष सहयोग के प्रभावित होने के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में नासा प्रमुख का भारत आने की अहमियत बढ़ गई है। एक तरफ भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग की रफ्तार धीमी पड़ रही है, वहीं अमेरिका के साथ इस क्षेत्र में रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच इस साल दो बार (जून और सितंबर, 2023) हुई द्विपक्षीय मुलाकातों में अंतरिक्ष सहयोग बहुत ही अहम रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के ठीक पहले मोदी और बाइडन के बीच हुई मुलाकात के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष से जुड़े सभी क्षेत्रों में सहयोग स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बाहरी अंतरिक्ष में खोज अभियान के लिए भारतीय एजेंसी इसरो और अमेरिकी एजेंसी इसरो के बीच साझेदारी को गहरा करने, वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2023 के अंत तक मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग साझेदारी को अंतिम रूप देने की सहमति बनी है। यह पहला मौका था जब दोनों देशों की सरकारों के प्रमुखों के बीच मानव अंतरिक्ष अभियान चलाने पर बात हुई थी।

## पुंछ के वन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

**पुंछ/टीम एक्शन इंडिया**
**पुंछ** जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों ने रविवार को तलाशी अभियान शुरू किया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद मेंढर और कृष्णा घाटी सेक्टर के कई वन क्षेत्रों में सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया है। मेंढर के बेहरा, कुंड, टोपा और कृष्णा घाटी सेक्टर में दारादुलियान, मंगनार, सलानी और उचाद टॉप में तलाशी अभियान जारी है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आने-जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है।

## मुख्यमंत्री पटेल पहुंचे जापान, ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश पर की चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार सुबह जपान की राजधानी टोक्यो पहुंचा। जापान में भारत के राजदूत एस. जॉर्ज ने मुख्यमंत्री पटेल के वहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी के साथ बैठक की और गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। गुजरात के गांधीनगर में आगामी 10 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के उद्देश्य से यह प्रतिनिधिमंडल 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक विदेश दौरे पर है। जापान के बाद यह प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर की यात्रा करेगा। गुजरात सरकार के मुताबिक मुख्यमंत्री पटेल और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी का दौरा किया। उन्होंने यामानाशी के गवर्नर से गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन की सप्लाई, सेलिंग तथा सर्विसिंग प्रक्रिया का डेमॉन्स्ट्रेशन भी देखा। गवर्नर नागासाकी कोटारो ने कहा कि यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी इस डेमॉन्स्ट्रेशन सहित ग्रीन हाइड्रोजन में अन्य इनीशिएटिव्स से आगामी वाइब्रेंट समिट में सहभागी होने को उत्सुक है। कोटारो ने मुख्यमंत्री पटेल और गुजरात के प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि यह मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों को अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने जापान द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में अपनाए जा रहे नए दृष्टिकोणों का प्रतिनिधिमंडल के समक्ष विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान, 2070 तक नेट जीरो कार्बन इमिशन के लक्ष्य जैसी पहलें हुई हैं। मुख्यमंत्री ने गुजरात में रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो 100 गीगावॉट तक ले जाने के लक्ष्य तथा गुजरात न्यू रिन्यूएबल पॉलिसी की जानकारी दी। उन्होंने यामानाशी गवर्नर को रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर तथा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में जापान-गुजरात के संबंधों को नए अवसर देने तथा नए निवेशों के लिए वाइब्रेंट समिट 2024 में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

**चर्चा की**

**8 यामानाशी के गवर्नर से गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं के बारे में चर्चा की।**

## राज्यपाल ने मुंबई में 26/11 हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को दक्षिण मुंबई स्थित शहीद स्मारक पर 15 साल पहले 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के दौरान आतंकियों से लड़ते हुए शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई शहर के प्रभारी मंत्री दीपक केसरकर सहित तमाम अधिकारी उपस्थित थे। इस हमले में विदेशी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गये थे और 300 से अधिक घायल हो गये। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि 15 साल पहले हुए हमले के बाद मुंबई पुलिस शहर की आंतरिक सुरक्षा उपायों को मजबूत किया गया है। एक दर्जन से अधिक लैंडिंग स्थलों की पहचान की गई है जो असुरक्षित हो सकते हैं और वहां चौबीसों घंटे गश्त की जाती है। साथ ही तटीय सुरक्षा में मदद के लिए नई त्वरित प्रतिक्रिया पुलिस टीमें भी तैनात की हैं और ड्रोन भी जोड़े हैं। उल्लेखनीय है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 26 नवंबर 2008 की रात को मुंबई में प्रवेश किया था और चार दिनों के दौरान विदेशी नागरिकों सहित 166 लोगों की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था। पाकिस्तानी आतंकियों ने अधिकतम क्षति पहुंचाने के लिए बहुत सावधानी से अपने लक्ष्य चुने- ताज और ओबेरॉय होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, नरीमन हाउस में यहूदी केंद्र और लियोपोल्ड कैफे - क्योंकि इन स्थानों पर यूरोपीय, भारतीय और यहूदी अक्सर आते थे।

**सुरक्षा**

**8 तटीय सुरक्षा में मदद के लिए नई त्वरित प्रतिक्रिया पुलिस टीमें भी तैनात की हैं और ड्रोन भी जोड़े हैं।**

## मुसलमानों की बढ़ती आबादी चिंता का विषय: प्रवीण तोगड़िया



**टीम एक्शन इंडिया/ बरेली**
**अंतरराष्ट्रीय** हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया आज बरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तेजी से मुसलमानों और ईसाइयों की आबादी बढ़ रही है, उससे आने वाले 50 साल में मुगल सल्तनत हो जाएगी और भारत का प्रधानमंत्री, प्रदेश का मुख्यमंत्री, डीएम, कलेक्टर एसपी हर कोई मुसलमान होगा। फिर यह राम मंदिर सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम 14 सौ साल पहले आया, क्रिश्चियन 2000 साल पहले और उससे पहले सब हिंदू थे, लेकिन करोड़ों हिंदुओं का कत्ल किया गया। इसके बाद एक बार फिर से मुसलमानों की बढ़ती आबादी चिंता का विषय है। वहीं उन्होंने कहा कि वह 100 करोड़ हिंदुओं को आपस में एक करना चाहते हैं, इसके लिए आने वाले 5 साल में 11 लाख स्थानों पर एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ हुआ करेगा।

## 'महुआ ने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया, ममता का समर्थन शर्मनाक'




**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता:** संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के आरोपों का सामना कर रहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महिला सांसद महुआ मोइत्रा कठघरे में हैं। 'कैश फॉर क्वेरी' नाम से चर्चित इस मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू होने की खबरें भी सामने आई हैं। इस मामले में बीजेपी तृणमूल पर हमले का कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहती। ताजा घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने महुआ के साथ-साथ तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। अग्निमित्रा पॉल ने कैश फॉर क्वेरी विवाद और इसकी सीबीआई जांच से जुड़े एक सवाल पर कहा, "हमें पता था कि ऐसा होगा। जिसने नकद और दूसरे प्रकार की रिश्वत लेकर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है, उसके खिलाफ सीबीआई जांच होनी ही चाहिए।" महुआ मोइत्रा पर डिजिटल संसद पोर्टल की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक ने कहा, तृणमूल सांसद ने अपना पासवर्ड संसद के बाहर के किसी व्यक्ति के साथ साझा करके देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। उन्हें आईडी-पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए था। जिसके साथ विवरण शेयर किया गया है।

## अब हौसले के साथ आतंकवाद को कुचल रहा भारत

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**26** नवंबर की तारीख हम भूल नहीं सकते। यह वह दिन था जब जघन्य आतंकी हमला से मुंबई समेत पूरा देश थर्रा उठा था। भारत का सामर्थ्य है कि हम इस हमले से उबरे और अब हौसले के साथ आतंकवाद को कुचल रहे हैं। पूरा देश आज आतंकी हमले में शहीद उन सभी पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दे रहा है और उन्हें याद कर रहा है। यह बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 107वें एपिसोड में कही और भाजपा कार्यकताओं व विंध्यवासियों ने ध्यान से मोदी की मन की बात सुनी।

**लोकल फॉर वोकल का बढ़ा ट्रेंड:** मन में विचार आया कि संविधान दिवस मनाया जाए। तब हमने प्रयास किया और तभी से प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में 26 नवम्बर मनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लोकल फॉर वोकल का ट्रेंड बढ़ा है। त्यौहारों पर वोकल फॉर लोकल की अहम भूमिका रही है।

साथ ही मोदी ने जल संरक्षण और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए कैश पेमेंट न करने की भी अपील की।

## राजधानी में घर में गैस रिफिलिंग के दौरान भभकी आग, महिला समेत 5 झुलसे



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राजधानी** भोपाल में तमाम कोशिशों के बावजूद भी अवैध गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को राजधानी के शाहपुरा क्षेत्र में एक घर में गैस सिलेंडर में रिफलिंग के दौरान आग भभक गई। जिसकी वजह से एक महिला समेत पांच लोग झुलस गए। सभी को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र के एक घर में अवैध रुप से गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। रविवार को गैस भरन के दौरा सिलेंडर में लीकेज हो गया और आग भड़क गई। आग भड़कने से एक महिला समेत पांच लोग बुरी तरह से झुल गए। जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां सभी घायलों का उपचार जारी है। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।

### सीएम ने जातीय गणना की बातों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 में हम आए, तब से काम ही कर रहे हैं...

## भीड़ को देखकर राजधानी दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही है: नीतिश कुमार मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**जनता** दल यूनाइटेड (जदयू) के भीम संसद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को कहा कि आज यहां पर उपस्थित भीड़ को देखकर दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही है। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ इस ग्राउंड में पहले नहीं देखी गई। नीतीश कुमार ने कहा कि दो लाख से कम लोग यहां जमा नहीं हुए हैं। मैं आपकी सेवा करता हूं। आपकी इतनी संख्या देखकर मैं और सेवा करूंगा। आजकल जो लोग दिल्ली में राज कर रहे हैं। हर चीज को प्रचारित करते हैं, वो इस भीड़ को देख लीजिए। इसके साथ कल अपना वाला देख लिजिएगा। उनका तो बोगस कार्यक्रम ना हुआ। देख लीजिए हम लोगों की पार्टी के कार्यक्रम में कितना फर्क है। सीएम ने जातीय गणना की बातों की चर्चा करते हुए कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 में हम आए, तब से काम ही कर रहे हैं। हमने जातीय गणना करवाई। केंद्र से भी कहा था लेकिन वो नहीं माने तो हमने बिहार में करवाया। गणना के बाद आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। सीएम ने कहा कि जरा देख लीजिए हम लोग के यहां कितना भीड़ है और उसके पास कितना भीड़ था। आप जानते हैं जब कभी भी दलित को लेकर अखबार या कहीं भी कुछ देखते थे तो उसी दिन हम अधिकारियों से चर्चा करते थे और इसकी जानकारी लेते थे। आज देख लीजिए हम लोगों का कहीं कोई प्रचार हो या नहीं हो इतना लोग का भीड़ है। हम सभी लोगों के साथ हैं। समाज के सभी लोगों का हम सेवा करते हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो शुरू से ना इन लोगों के बारे में बोलते रहे हैं जी। इन लोगों को पहले किसी ने ध्यान दिया था। दलितों के लिए तो हम ही लोगों ने सब काम शुरू किया। लोगों को पढ़ने के लिए लोगों को आगे बढ़ाने के लिए हम सब कितना काम करवाए हैं। आज इसका फायदा है कि सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं। अभी भी आप लोग चिंता मत करिए आप लोग को लगता होगा कि यदि और काम होना चाहिए तो हमको जरूर बताइए। इस दौरान कम जब भाषण दे रहे थे तो कुछ लोग कागज दिखा रहे थे।

**8 दलित को लेकर अखबार या कहीं भी कुछ देखते थे तो उसी दिन हम अधिकारियों से चर्चा करते थे और इसकी जानकारी लेते थे।**

## संविधान दिवस पर दिलाई मूल्यों और आदर्शों की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**संविधान** दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद के सभी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलायी गई। संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों तथा राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। आयुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त प्रशासन अभय पांडेय ने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उपस्थित अधिवक्ताओं को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने मौलिक अधिकारों व संविधान में निहित कर्तव्यों आदि से अवगत कराते हुए संविधान में राष्ट्र की एकता व अखंडता व भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने एवं एकता व अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित एवं आत्मार्पित होने के दृष्टिगत शपथ दिलाई।